प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792



घूसखोर पंडत... उत्तर प्रदेश में ब्राम्हण विवाद साज़िश या संयोग? पेज- 2

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

पेज-6 स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में अभिनय मौर्य ने मारी बाजी

वर्ष : 15 अंक : 92 | मंगलवार 24 मार्च, 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## महिला आरक्षण लागू करने की तैयारी में मोदी सरकार, विपक्ष से मदद की दरकार

(एजेंसी) नई दिल्ली। भाजपा की अगुवाई वाली केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार देश में बहुप्रतीक्षित महिला आरक्षण कानून लागू करने की तैयारी कर रही है। सूत्रों ने इसकी जानकारी दी है। सूत्रों के मुताबिक, सरकार इस कानून को 2011 की जनगणना के आधार पर लागू करने की योजना बना रही है। इससे संसद में महिलाओं की भागीदारी में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट में सरकारी सूत्रों के हवाले से कहा गया है कि महिला आरक्षण लागू होने की स्थिति में लोकसभा की सीटें बढ़कर 816 हो जाएंगी। इसका प्रस्ताव रखा गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रस्तावित ढांचे के तहत लोकसभा की कुल सीटें वर्तमान 543 से बढ़ाकर 816 की जा सकती हैं। इनमें से लगभग 273 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। यह कदम भारतीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी को ऐतिहासिक रूप से बढ़ाने वाला माना जा रहा है। पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों की सरगर्मी के बीच मोदी सरकार का यह अहम दांव माना जा रहा है, जिसमें विपक्षी दलों खासकर कांग्रेस से मदद मांगकर उसे भी सियासी रूप से मजबूर करने की कोशिश हो रही है। दरअसल, साल 2023 में पारित इस कानून



में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33: आरक्षण का प्रावधान किया गया था। हालांकि, इसे लागू करने की शर्त नई जनगणना और परिसीमन (Delimitation) से जोड़ी गई थी, जिसके कारण अब तक यह प्रभावी नहीं हो पाया है। बता दें कि मूल कानून में यह शर्त थी कि महिला आरक्षण तभी लागू होगा, जब नई जनगणना और परिसीमन की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। अब सरकार इस शर्त को संशोधित कर जल्द से जल्द कानून लागू करने के विकल्प तलाश रही है। सूत्रों का दावा है कि सरकार इस मामले में तेजी से आगे बढ़ना चाहती है। उसका लक्ष्य है कि मौजूदा बजट सत्र में ही एक विधेयक पेश किया जाए, ताकि कानून में संशोधन करके संसद के निचले सदन में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ाया जा सके। ऐसे में अगर सरकार परिसीमन से पहले महिला आरक्षण लागू करना चाहती है तो इसके लिए संविधान में संशोधन करना होगा। इसके तहत संसद के दोनों सदनों में बहुमत आवश्यक होगा, जिसमें उपस्थित और मतदान करने वाले सदस्यों में दो–तिहाई समर्थन जरूरी है। यह प्रक्रिया भारतीय संविधान का अनुच्छेद 368 के तहत पूरी की जाएगी। हालांकि, संसद में सरकार के पास पर्याप्त संख्या बल नहीं है। बावजूद इसके सरकार को उम्मीद है कि वह इस कानून को दो तिहाई बहुमत से पारित करा लेगी। विपक्षी दलों से शुरुआती संपर्क से यह भी संकेत मिलता है कि सरकार इस संवैधानिक संशोधन को आसानी से पारित कराने के लिए व्यापक समर्थन जुटाने की कोशिशों में जुटी है। अधिकारियों को उम्मीद है कि कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद, यह विधेयक संभवतः अगले हफ्ते सबसे पहले राज्यसभा में पेश किया जाएगा। अहम बात यह है कि ठश्रच के पास लोकसभा में 240 और राज्यसभा में 103 सांसद हैं। ऐसे में,साफ है कि विपक्षी दलों के समर्थन के बिना दोनों में से किसी भी सदन में इस संशोधन को दो तिहाई बहुमत से पारित नहीं कराया जा सकता। इस बीच, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस मुद्दे पर सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग की है, ताकि कानून के क्रियान्वयन की रूपरेखा पर व्यापक सहमति बन सके। उन्होंने संसदीय कार्य मंत्री से इस दिशा में पहल करने को कहा है। सूत्रों के मुताबिक, कैबिनेट की मंजूरी के बाद इस संशोधन विधेयक को पहले राज्यसभा में पेश किया जा सकता है। सरकार का लक्ष्य है कि इसे व्यापक समर्थन के साथ संसद से पारित कराया जाए, ताकि लंबे समय से लंबित महिला आरक्षण को वास्तविकता में बदला जा सके। बता दें कि महिला आरक्षण अधिनियम, 2023 में संसद से पारित किया गया था। यह अधिनियम लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान करता है। अगर यह प्रस्ताव लागू होता है, तो भारतीय राजनीति में महिलाओं की भागीदारी एक नए स्तर पर पहुंच सकती है। हालांकि, इसके लिए राजनीतिक सहमति और संवैधानिक प्रक्रिया की जटिलताओं को पार करना सरकार के लिए बड़ी चुनौती होगी।

## केरल ने राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष के तहत 311.95 करोड़ रुपये पाने के लिए आवेदन नहीं किया : निर्मला सीतारमण

(एजेंसी) नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केरल द्वारा राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष के तहत 311.95 करोड़ रुपये हासिल करने



के लिए आवेदन नहीं किए जाने का उल्लेख करते हुए सोमवार को लोकसभा में कहा कि केंद्रीय अनुदानों के लिए मंजूरी मिलना एक बात है और राज्यों द्वारा उस राशि को प्राप्त करने के लिए आवेदन करना दूसरी बात है। केंद्र सरकार की ओर से केरल का अनुदान लंबित रहने संबंधी कांग्रेस सदस्य मणिकम टैगोर के पूरक प्रश्न का उत्तर देते हुए सीतारमण ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य को उपयोगिता प्रमाणपत्र देना होता है ताकि आगे की राशि उसे जारी की जा सके। सीतारमण ने कहा कि उदाहरण के लिए केरल से संबंधित एक विषय था जिसमें आवंटन किए जाने के बावजूद केरल सरकार ने राशि प्राप्त नहीं की। उन्होंने कहा कि केरल को राष्ट्रीय आपदा न्यूनीकरण कोष के तहत 311.95 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी, जिसमें वायनाड के भूस्खलन प्रभावित इलाकों में जोखिम प्रबंधन की परियोजना के लिए 72 करोड़ रुपये शामिल हैं। सीतारमण ने कहा, श्जिन 311.95 करोड़ रुपये के लिए स्वीकृति दी गई, उसमें एक भी पैसा जारी नहीं किया गया है। मैं इस राशि को तभी जारी करूंगी जब राज्य इसके लिए आवेदन करेगा, मांगेगा। इसलिए मंजूरी देना एक बात है, उसके लिए आवेदन करना और मांगना दूसरी बात है। केरल में वायनाड आपदा प्रबंधन के लिए वित्तीय सहायता के संबंध में केंद्र और राज्य सरकार के बीच कुछ गतिरोध की स्थिति है। केरल में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने हैं।

## सोनम वांगचुक को एससी से बड़ी राहत, कोर्ट ने किया केस का निपटारा

(एजेंसी) नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत हिरासत, के खिलाफ उनकी पत्नी गीतांजलि जे अंगमो द्वारा दायर याचिका का सोमवार को निपटारा कर दिया। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पीबी वराले की पीठ ने कहा कि केंद्र ने 14 मार्च को वांगचुक की हिरासत का आदेश रद्द कर दिया था। न्यायालय ने कहा कि इस मामले में अब कुछ भी नहीं बचा। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र से पूछा था कि क्या सरकार द्वारा वांगचुक की हिरासत पर पुनर्विचार किए जाने की कोई संभावना है, उनकी स्वास्थ्य स्थिति को देखते हुए। केंद्र ने 14 मार्च को बताया कि उसने लेह में हिंसक प्रदर्शनों के बाद वांगचुक की गिरफ्तारी



के लगभग छह महीने बाद रासुका के तहत उनकी हिरासत को तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया है। लेह में हिंसक प्रदर्शनों में चार लोगों की मौत हो गयी थी। लद्दाख को राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर लेह में हुए प्रदर्शनों के दो दिन बाद 26 सितंबर 2025 को वांगचुक को हिरासत में लिया गया। इन प्रदर्शनों में 22 पुलिसकर्मियों समेत 45 से अधिक लोग घायल हुए थे।

## बजट सत्र से पहले सीएम रेखा गुप्ता का संदेश

### कहा- विकास, सुविधाएं और हरित राजधानी पर फोकस

(एजेंसी) नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने सोमवार को बजट सत्र से पहले विधानसभा में खीर समारोह का आयोजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आगामी बजट विकास की गति तेज करने, बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने और निवासियों के जीवन स्तर में सुधार लाने पर केंद्रित होगा। इस समारोह में कैबिनेट मंत्रियों और विधायकों के साथ–साथ किसान, चिकित्सक और शिक्षक भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभा को संबोधित करते हुए, गुप्ता ने कहा कि बजट का लक्ष्य बेहतर नागरिक सुविधाएं, उन्नत बुनियादी ढांचा और एक ऐसा सकारात्मक वातावरण तैयार करना है जहां लोग आराम से




रह सकें। उन्होंने कहा कि सरकार निवासियों की लंबे समय से लंबित आकांक्षाओं को पूरा करने और दिल्ली के विकास को एक नयी गति देने के लिए काम कर रही है। मुख्यमंत्री के अनुसार, बजट में छात्रों के लिए बेहतर सुविधाओं, स्वास्थ्य सेवा अवसंरचना तथा स्वच्छ हवा व हरित राजधानी सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम शामिल होंगे। उन्होंने इस बजट को दिल्ली को अधिक रहने योग्य और टिकाऊ बनाने की एक कार्ययोजना करार दिया है। गुप्ता ने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले एक साल में राष्ट्रीय राजधानी में विकास की दिशा बदलने के लिए काम किया है और यह बजट उन प्रयासों को और मजबूत करेगा।

## भाजपा सरकार में उपेक्षा का शिकार हो रहा राजस्थान का सुदृढ़ स्वास्थ्य ढांचा : अशोक गहलोत

(एजेंसी) जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने सोमवार को आरोप लगाया कि राज्य की मौजूदा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के कार्यकाल में स्वास्थ्य ढांचा उपेक्षा का शिकार हो रहा है। गहलोत ने कहा कि राज्य



सरकार को बिगड़ते हालात सुधारने के लिए ध्यान देना चाहिए। उन्होंने एक बयान में कहा, राजस्थान का सुदृढ़ स्वास्थ्य ढांचा आज उपेक्षा का शिकार होकर दरक रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, यह बेहद चिंताजनक है कि हमारी कांग्रेस सरकार द्वारा स्थापित विश्वस्तरीय हेल्थ मॉडल को वर्तमान सरकार धराशाई कर रही है। आरजीएचएस (राजस्थान सरकार स्वास्थ्य योजना) के अंतर्गत बकाया भुगतान न होने के कारण एक बार फिर निजी अस्पतालों ने ओपीडी और दवा देने संबंधी सेवाएं रोकने की तैयारी कर ली है, जिससे कर्मचारी और पेंशनधारक अधर में हैं। उन्होंने कहा, साथ ही, चिरंजीवी (एमएए) योजना को शिथिल कर प्रदेशभर के अस्पतालों में इलाज में देरी और आवश्यक दवाइयों की भारी किल्लत पैदा कर दी गई है। गहलोत ने दावा किया कि जयपुर के सवाई मान सिंह अस्पताल और जनाना अस्पताल जैसे बड़े केंद्रों में रक्त की भारी कमी एक बड़ा आपातकाल है जो प्रदेशवासियों के जीवन के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। उन्होंने मांग की कि सरकार को चाहिए कि निजी ब्लड बैंक पर लगी रोक अविलंब हटाए ताकि मरीजों की समस्याओं का समाधान हो सके। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने कहा, चाकसू विधानसभा क्षेत्र के 108 वर्षीय बुजुर्ग गोलूराम माली ने मुझसे मिलने की इच्छा जताई जिनसे मैं कल शाम उनके गांव जाकर मिला। वहां इकट्ठा हुए ग्रामीणों ने भी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सहित हर क्षेत्र में रोकी गई योजनाओं को लेकर भाजपा सरकार के प्रति रोष जताया। गहलोत ने कहा, जब मैं सोशल मीडिया के माध्यम से जनता की इन बुनियादी समस्याओं को उठाता हूं, तो मुख्यमंत्री समाधान निकालने के बजाय अपने कार्यक्रमों में मुझ पर व्यक्तिगत टिप्पणी करने में व्यस्त रहते हैं। उन्हें समझना चाहिए कि हम जनता की पीड़ा की आवाज बन रहे हैं, और सरकार को धरातल पर बिगड़ते हालात सुधारने पर ध्यान देना चाहिए।

## भारतीयों की सुरक्षा सर्वोपरि... लोकसभा में बोले पीएम मोदी

### पश्चिम एशिया के कारण उपजे संकट का मिलकर करना है मुकाबला

(एजेंसी) नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम एशिया संकट को गम्भीर चिंता का विषय बताते हुए सोमवार को कहा कि कच्चे तेल एवं गैस की जरुरतों का बड़ा हिस्सा इसी क्षेत्र से पूरा होता है इसलिए भारत पर इसका असर स्वभाविक है लेकिन इस चुनौती का मिलकर और एकजुटता के साथ मुकाबला करने की जरूरत है। पीएम मोदी ने लोकसभा में पश्चिम एशिया की स्थिति पर वक्तव्य देते हुए कहा कि इस संकट के कारण भारत की चिंताएं स्वाभाविक है लेकिन भारत को एकजुट रहकर चुनौतियों का मुकाबला करना आता है। कोरोना संकट के समय की इसी तरह की चुनौती का हमने एकजुट रहकर सामना किया था और अब इस चुनौती का मुकाबला भी उसी तरह एकजुटता से करना होगा। पश्चिमी एशिया के देशों में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षा का आश्वासन देते हुए उन्होंने कहा, इन देशों में हमारे मिशन भारतीयों की मदद में जुटे हैं। प्रभावित देशों में हमारे मिशन लगातार भारतीयों की मदद में लगे हुए हैं। चाहे वहां काम करने वाले भारतीय हों या वहां गए पर्यटक, सभी को हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। भारतीय मिशन नियमित रूप से इसको लेकर सलाह जारी कर रहे हैं। भारत और अन्य प्रभावित देशों में 24x7 सहायता कक्ष और आपातकालीन हेल्पलाइन स्थापित की गई हैं। इनके माध्यम से सभी प्रभावित लोगों को नवीनतम जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा संकट के समय में भारत और विदेश में भारतीयों की सुरक्षा सर्वोपरि है। इस युद्ध की शुरुआत से ही प्रभावित देशों में रहने वाले प्रत्येक भारतीय को सहायता प्रदान की गई है। मैंने पश्चिम एशियाई देशों के अधिकांश राष्ट्राध्यक्षों से दो बार फोन पर बात की है। सभी ने भारतीयों की सुरक्षा का आश्वासन दिया है। यह दुखद स्थिति है कि संघर्ष के दौरान कुछ लोगों ने अपनी जान गंवाई है और कुछ घायल हुए हैं। प्रधानमंत्री ने युद्धग्रस्त और संघर्ष से प्रभावित देशों के साथ भारत के व्यापक व्यापारिक संबंध का जिक्र करते हुए कहा, षजिस क्षेत्र में संघर्ष चल रहा है, वह विश्व के अन्य देशों के साथ हमारे व्यापार का एक महत्वपूर्ण मार्ग भी है। यह क्षेत्र विशेष रूप से कच्चे तेल और गैस की जरुरतों के लिए हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इसके अलावा यह क्षेत्र हमारे लिए इस कारण से भी महत्वपूर्ण है कि खाड़ी देशों में लगभग एक करोड़ भारतीय काम करते हैं। वहां वाणिज्यिक जहाज चलते हैं। भारतीय चालक दल के सदस्यों की संख्या भी बहुत अधिक है। इन विभिन्न कारणों से, भारत की चिंताएं स्वाभाविक रूप से अधिक हैं। इन सब स्थितियों को देखते हुए आवश्यक है कि संसद से इस संकट को लेकर हमारी एक आवाज और आम सहमति दुनिया तक पहुंचे। मोदी ने कहा कि उनकी सरकार पश्चिम एशिया की चिंताजनक स्थिति को लेकर लगातार संसद को अवगत करा रही है। उनका कहना था कि पिछले दो–तीन हफ्तों में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर और केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने सदन को स्थिति का विस्तृत विवरण दिया



है। यह संघर्ष तीन सप्ताह से अधिक समय से चल रहा है। इसका वैश्विक अर्थव्यवस्था और लोगों के जीवन पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है और इसीलिए दुनिया इस संघर्ष के शीघ्र समाधान के लिए सभी पक्षों से आग्रह कर रही है। संकट की स्थिति में भारतीय कूटनीति पर उन्होंने कहा ष्वर्तमान वैश्विक माहौल में भारत की भूमिका स्पष्ट है। शुरुआत से ही हमने इस संघर्ष पर गहरी चिंता व्यक्त की है। मैंने पश्चिम एशिया के सभी संबंधित नेताओं से व्यक्तिगत रूप से बात की है। मैंने सभी से तनाव कम करने और इस संघर्ष को समाप्त करने का आग्रह किया है। भारत ने नागरिकों, ऊर्जा और परिवहन अवसंरचना पर हमलों की निंदा की है। वाणिज्यिक जहाजों पर हमले और होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे अंतरराष्ट्रीय जलमार्गों को अवरुद्ध करना अस्वीकार्य है। भारत इस युद्ध जैसे माहौल में भी भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए कूटनीति के माध्यम से निरंतर प्रयास कर रहा है। भारत ने हमेशा मानवता के कल्याण और शांति का समर्थन किया है। मैं दोहराता हूं कि इस समस्या का एकमात्र समाधान संवाद और कूटनीति है। हमारे सभी प्रयास तनाव कम करने और इस संघर्ष को समाप्त करने की दिशा में हैं। इस युद्ध में किसी के भी जीवन को खतरे में डालना मानवता के हित में नहीं है इसलिए हमारा प्रयास सभी पक्षों को जल्द से जल्द शांतिपूर्ण समाधान तक पहुंचने के लिए प्रोत्साहित करना है। जब ऐसे संकट उत्पन्न होते हैं, तो कुछ तत्व उनका फायदा उठाने की कोशिश करते हैं, इसलिए, सभी कानून और व्यवस्था एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है। तटीय सुरक्षा हो, सीमा सुरक्षा हो, साइबर सुरक्षा हो या रणनीतिक प्रतिष्ठान हों, सबकी सुरक्षा को और मजबूत किया जा रहा है। प्रधानमंत्री ने वैकल्पिक ऊर्जा बढाने के लिए भारत के प्रयासों की चर्चा करते हुए कहा कि पिछले 11 वर्षों में, देश ने अपनी सौर ऊर्जा क्षमता को लगभग 03 गीगावाट से बढ़ाकर 140 गीगावाट कर दिया है। पिछले एक वर्ष में, देश भर में लगभग 40 लाख रूफटॉप सोलर पैनल लगाए गए हैं। प्रधानमंत्री सूर्यगढ़ मुफ्त बिजली योजना ने भी इसमें महत्वपूर्ण योगदान दिया है। गोवर्धन योजना के तहत, देश में 200 संपीड़ित बायोगैस संयंत्र भी चालू हो गए हैं। ये सभी प्रयास देश के लिए बहुत उपयोगी साबित हो रहे हैं। सरकार ने शांति अधिनियम के माध्यम से देश में परमाणु ऊर्जा उत्पादन को प्रोत्साहित करके भविष्य की तैयारियों को और मजबूत किया है। हाल ही में, लघु जलविद्युत विकास योजना को भी मंजूरी दी गई है, जिससे अगले पांच वर्षों में 1500 मेगावाट की नई जलविद्युत क्षमता जुड़ेगी। श्री मोदी ने एथेनॉल का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सरकार ने इथेनॉल की मात्रा 20 प्रतिशत कर दी है जिसका लाभ देश को बड़े स्तर पर मिल रहा है। उन्होंने कहा कि पश्चिमी एशिया संकट के बावजूद सरकार ने पेट्रोल, डीजल और गैस की आपूर्ति पर गंभीर असर न पड़े, इसके लिए प्रयास किए हैं। देश अपनी एलपीजी की 60 प्रतिशत आवश्यकता आयात करता है। आपूर्ति में अनिश्चितता के कारण सरकार ने घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं को प्राथमिकता दी है। इसके साथ ही एलपीजी का घरेलू उत्पादन भी बढ़ाया जा रहा है। देश भर में पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी रहे, इसके लिए भी निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# सम्पादकीय

## पाकिस्तान बना दुनिया के लिए एक बड़ा ख़तरा

भारत के खिलाफ आतंकवाद का सबसे बड़ा निर्यातक उसका पड़ोसी देश पाकिस्तान और अमेरिका के बीच का रिश्ता और इनकी आपसी दोस्ती कहा जाए तो गलत नहीं होगा कि एक–दूसरे के स्वार्थ पर ठिकी हुई है। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि हालांकि अब देर से ही सही लेकिन पाकिस्तान की मौजूदा सस्ता को इस बात का एहसास हो गया है कि अमेरिका ने पाकिस्तान का इस्तेमाल एक टॉयलेट पेपर की तरह से किया है। तो वहीं दूसरी ओर पाकिस्तान से छिपा एक बहुत बड़ा सच एक रिपोर्ट के माध्यम से सामने आया है। वह रिपोर्ट क्या है उससे पहले अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन का एक बहुत मशहूर कोट है जो पाकिस्तान के संदर्भ में बहुत कुछ कहने के लिए पर्याप्त है। गौरतलब है कि अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन का एक बहुत मशहूर कोट है कि अगर आप अपने घर में सांप को पालेंगे, तो जरूरी नहीं वो पड़ोसी को ही काटे। मौका मिलने पर वो आपको भी काट लेगा। अमेरिका को शायद अब इस बात का एहसास हो गया है कि उसने एक सांप यानी पाकिस्तान को पाला हुआ है। फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की वाइट हाउस में इतनी आवभगत की, कि मुनीर का असली रंग शायद उन्हें दिख गया। और इस बात की तस्दीक करती है खुद अमेरिका की मार्च 2026 की खुफिया रिपोर्ट। इस रिपोर्ट में पाकिस्तान पर गंभीर आरोप लगाए हैं। रिपोर्ट में पाकिस्तान को दुनिया के लिए बढ़ते खतरे के रूप में बताया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान अब उत्तर कोरिया और ईरान जैसे देशों की श्रेणी में आ गया है। यानी अमेरिका को जितना खतरा उत्तर कोरिया और ईरान से है, उतना ही पाकिस्तान से भी है। उत्तर कोरिया और पाकिस्तान न्यूक्लियर पावर वाले देश हैं। और अमेरिका के ही मुताबिक ईरान भी भविष्य का संभावित न्यूक्लियर पावर बनने की दिशा में है। दरअसल बीते कुछ सालों से पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर के नेतृत्व में एक नई रणनीति अपनाई गई है। इसमें अर्थव्यवस्था सुधार की बजाय मिसाइल और आतंक नेटवर्क पर जोर दिया गया है। इस नीति में इंटर कंटिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल यानी, आईसीबीएम पर फोकस किया जा रहा है। ये वही मिसाइलें हैं जिनके दम पर नॉर्थ कोरिया बार–बार अमेरिका को घुड़की देता रहता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान लंबी दूरी की मिसाइल तकनीक विकसित कर रहा है। यह मिसाइलें दक्षिण एशिया से बाहर भी हमला करने में सक्षम हो सकती हैं। यूं तो पाकिस्तानी मिलिट्री की कोई भी रणनीति भारत को ध्यान में रख कर बनाई जाती रही है। लेकिन ईरान की तर्ज पर ही पाकिस्तान ने ब्लैकमेल की स्ट्रेटेजी अपनानी शुरू की है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह रणनीति सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है। इससे पश्चिमी देशों की सुरक्षा पर भी खतरा बढ़ सकता है। पाकिस्तान आर्थिक संकट से जूझ रहा है। लेकिन आर्थिक संकट के बावजूद मिसाइल कार्यक्रम पर खर्च बढ़ाया जा रहा है। लश्कर–ए–तैयबा और जैश का नेटवर्क अब भी सक्रिय है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान समर्थित कई आतंकी संगठन अब भी सक्रिय हैं। इसमें लश्कर–ए–तैयबा और जैश–ए–मोहम्मद का नाम सबसे प्रमुख है। इसमें अप्रैल 2025 के पहलगाम हमले का भी जिक्र किया गया है। इस हमले में 26 लोगों की मौत हुई थी। रिपोर्ट के अनुसार, ये संगठन नए नामों से काम कर रहे हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि पाकिस्तान अब इस्लामिक स्टेट ऑफ खोरासान प्रोविन्स यानी आईएसकेपी का इस्तेमाल भी कर रहा है। इससे पाकिस्तान खुद को सीधे आरोपों से बचाने की कोशिश करता है। हमला करवाने के बाद वो आरोप आतंकी संगठनों पर डाल देता है। विशेषज्ञों के मुताबिक, इससे पाकिस्तान दो फायदे लेना चाहता है। पहला, वाला हमलों से दूरी दिखाता है। दूसरा, वो खुद को भी आतंक का शिकार बताकर मदद अमेरिका से डॉलर लेने की जुगत में रहता है। क्योंकि सच्चाई तो यही है कि असलहा तो डॉलरों से ही आता है। ईरान का उदाहरण दुनिया के सामने है. कैसे एक दशक से सैंक्शन झेल रहे एक देश ने सुपरपावर की नाक में दम किया हुआ है। और ये सब ईरान अकेले नहीं कर रहा। इसमें हमास, हिजबुल्लाह और हूती जैसे प्रॉक्सी गुट उसका साथ दे रहे हैं। कुछ ऐसी ही स्ट्रेटेजी पाकिस्तान भी अपना रहा है। एक तरफ वो किसी संभावित मिलिट्री एक्शन के लिए हथियारों का भंडार बढ़ा रहा है। दूसरी तरफ वो लश्कर, जैश, अल–कायदा जैसे प्रॉक्सी गुटों को शह दे रहा है। ऐसे में अमेरिका को ये एहसास हो रहा है कि पाकिस्तान को शह देना कहीं न कहीं, सांप को शह देने जैसा ही है। ओसामा, जो अमेरिका का सबसे बड़ा दुश्मन था, उसे भी पाकिस्तान नें ही छुपा रखा था। इसलिए संभव है कि वो ऐसा कुछ फिर से दोहराने में हिचक नहीं करेगा। साथ ही पाकिस्तान एक न्यूक्लियर ब्लैकमेल का हथकंडा भी अपनाता है। जब–जब भारत आतंकी हमलों का जवाब देता है, तब–तब वो धमकी देता है कि वो न्यूक्लियर बम चला देगा। और इससे अमेरिका के कान खड़े हो जाते हैं। वो नहीं चाहता कि उसके लिए स्ट्रेटेजिक रूप से महत्वपूर्ण पाकिस्तान ऐसा कोई कदम उठाए। क्योंकि जवाब में भारत उसे बर्बाद करने की क्षमता रखता है।



नफीस जाफरी

रिपोर्ट में पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच तनाव का जिक्र है। फरवरी 2026 में काबुल और कंधार में हमलों की बात कही गई है। यह पहली बार है जब पाकिस्तान ने अफगान शहरों को निशाना बनाया। इस स्थिति को गंभीर सुरक्षा संकट बताया गया है। इस रिपोर्ट में भारत की आर्थिक और तकनीकी प्रगति का भी जिक्र है। कहा गया है कि भारत तेजी से वैश्विक ताकत के रूप में उभर रहा है। वहीं पाकिस्तान की स्थिति कमजोर होती दिख रही है। साथ ही आतंकवाद के मुद्दे पर भारत के आरोपों को अब वैश्विक समर्थन मिल रहा है। कुल मिला कर रिपोर्ट में पाकिस्तान को साफ संदेश दिया गया है कि उसे आतंक नेटवर्क खत्म करने होंगे, सैन्य के बजाय नागरिक शासन को मजबूत करना होगा और भारत के साथ स्थिर संबंध बनाने होंगे। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर पाकिस्तान ने रास्ता नहीं बदला, तो आने वाले समय में हालात और गंभीर हो सकते हैं। इस रिपोर्ट का निष्कर्ष कुल मिला कर पाकिस्तान के लिए एक चेतावनी है। अमेरिका को ये समझ आ रहा है कि अगर पाकिस्तान इसी राह पर चला तो एक और एबटाबाद (लादेन किलिंग) से इंकार नहीं किया जा सकता। अब यह पाकिस्तान ही तय करेगा कि देश सुधार की राह पर जाता है या संकट की ओर बढ़ता है।

# घूसखोर पंडत... उत्तर प्रदेश में ब्राम्हण विवाद साज़िश या संयोग?



गुलफिशा खान

उत्तर प्रदेश में परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों और पंडित शब्द के इर्द–गिर्द छिड़ा विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अभी यूपी पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा में पंडित शब्द को लेकर हुआ हंगामा शांत भी नहीं हुआ था कि अब बेसिक शिक्षा विभाग के एक पेपर ने नई चिंगारी सुलगा दी है। परिषदीय विद्यालयों की वार्षिक परीक्षा के दौरान कक्षा 7 के संस्:त के पेपर में पूछे गए एक सवाल ने फिर से मामले को तूल दे दी है। दरअसल, बीत दिनों शुरू हुई परिषदीय विद्यालयों की एनुअल एग्जाम के तहत कक्षा 7 की संस्:त की परीक्षा थी। प्रश्न पत्र के पहले सवाल के पांचवें भाग में एक पहेली (प्रहेलिका) पूछी गई थी। जो इस तरह से थी–वह कौन है जो बिना पैर के दूर तक जाता है और साक्षर है लेकिन पंडित नहीं है? जिसके विकल्प यह थे–बादल, पक्षी, वायु, पत्र। हालांकि यह एक पारंपरिक संस्:त पहेली का हिस्सा है, लेकिन जिस संदर्भ और समय में इसे पूछा गया, उसने विवाद खड़ा कर दिया। ब्राह्मण समाज और शिक्षक संघों का आरोप है कि यहां पंडित शब्द का प्रयोग अपमानजनक तरीके से किया गया है। शिक्षक संघ का दावा है कि जिस प्रहेलिका पाठ से यह प्रश्न पूछा गया, यह पहेली उस निर्धारित पाठ्यक्रम का हिस्सा ही नहीं है। आरोप लग रहे हैं कि पेपर सेटर ने जानबूझकर इस प्रश्न को शामिल किया ताकि एक विशेष वर्ग की भावनाओं को ठेस पहुंचाई जा सके। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में अगले साल विधानसभा के चुनाव होने हैं। और जैसा कि उल्लेखनीय है कि चुनाव से पहले एक एक कर ब्राह्मणों से जुड़ा विवाद सामने आ रहा है। बीते चार महीनों में एक के बाद एक करके लगभग 10 विवाद ब्राह्मणों को लेकर सामने आए हैं। इनमें कुछ विवाद ऐसे हैं, जिसे परिस्थितियों की वजह से उपजा हुआ माना जा सकता है, लेकिन कुछ ऐसे हैं, जिन्हें देखकर सवाल उठता है कि ये महज़ संयोग है या फिर इसके पीछे कोई गहरी साजिश। मालूम हो कि ब्राह्मण विवाद की शुरुआत पिछले साल तब शुरू हुई जब विधानसभा सत्र के दौरान ब्राह्मण विधायकों की बैठक हुई। इसके बाद घूसखोर पंडित नाम की फ़िल्म ने सियासी गलियारों में हंगामा खड़ा कर दिया। फिर स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को लेकर ब्राह्मणों ने इसे अपना अपमान बताने की कोशिश की। इस विवाद के बीच डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने बटुक पूजा करके माहौल गरमा दिया। रही सही कसर यूजीसी की गाइडलाइंस ने पूरी कर दी। इसके बाद पुलिस भर्ती परीक्षा और परिषदीय स्कूल के पेपर में पंडित से जुड़े सवाल से भी बवाल शुरू हो गया। वहीं इससे पूर्व यूपी विधानसभा सत्र के दौरान भाजपा के 40 से ज्यादा विधायक एक साथ बैठे। बैठक की तस्वीर सामने आई। इसको लेकर हंगामा शुरू हो गया। ब्राह्मण विधायकों में इसे "बैठकी" बताया लेकिन विपक्ष में कहा ये ब्राह्मणों की नाराज़गी का प्रतीक है। विवाद ख़त्म होता, उससे पहले ही भाजपा के नए नवेले प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने इस तरह की बैठकों पर आपत्ति दर्ज करा दी। इस आपत्ति पर सवाल उठा कि जब क्षत्रिय विधायक बैठे तब क्यों नहीं नोटिस जारी किया गया? बॉलीवुड एक्टर मनोज बाजपेयी और निर्माता नीरज पांडे की नेटफ्लिक्स पर फ़िल्म आने वाली थी। फ़िल्म का टीज़र लांच हुआ और नाम सामने आया "घूसखोर पंडत"। इस नाम को ब्राह्मण अस्मिता से जोड़ते हुए कई ब्राह्मण विधायकों ने आपत्ति दर्ज कराई। खुद सीएम के निर्देश पर लखनऊ में फ़िल्म के खिलाफ़ एफआईआर दर्ज की गई। ब्राह्मण संगठन सड़क पर आ गए। नतीजा ये हुए कि फ़िल्म निर्माता को नाम बदलने की घोषणा करनी पड़ी। वहीं अगर अविमुक्तेश्वरानंद विवाद की बात की जाए तो मालूम हो कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद माघ मेले में मौनी अमावस्या के मौके पर रथ पर सवार होकर संगम जाकर स्नान करना चाहते थे। प्रशासन ने भीड़ का हवाला देकर रथ को



रोक दिया। अविमुक्तेश्वरानंद ने इसे शंकराचार्य का अपमान बताते हुए धरने पर बैठने की घोषणा कर दी। प्रशासन ने उन्हें दो नोटिस थमा दिए। इस बीच एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें एक पुलिसकर्मी किसी बटुक की शिखा (चोटी) खींचता हुआ दिख रहा था। नतीजा ये हुए कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद के अपमान को ब्राह्मणों का अपमान बताकर माहौल बनाने की कोशिश हुई। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद मामले में अजब स्थिति तब पैदा हो गई जब बरेली के सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने ब्राह्मण अस्मिता का अपमान बताकर नौकरी से इस्तीफ़ा दे दिया। खुलकर सरकार के खिलाफ़ बयानबाज़ी करने लगे। इसी बीच अयोध्या के जीएसटी विभाग के डिप्टी कमिश्नर ने सरकार के पक्ष में खड़े होकर इस्तीफे की पेशकश कर दी। हालांकि बाद में उन्होंने अपना इस्तीफ़ा वापस ले लिए लेकिन अलंकार अग्निहोत्री ने अपनी राजनैतिक पार्टी बनाने की घोषणा कर दिया। यूपी में डिप्टी सीएम और बीजेपी के ब्राह्मण चेहरे ब्रजेश पाठक ने बटुक विवाद के बीच अपने सरकार घर पर बटुकों का सम्मान किया। 101 बटुक ब्रजेश पाठक के घर पहुंचे। उन पर फूलों की वर्षा कराई गई, अंगवस्त्रम दिया गया, उन्हें जलपान हुआ और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने अपनी पत्नी के साथ सभी बटुकों के पास जाकर हाथ जोड़कर उनका अभिवादन किया। तस्वीरें सामने आयीं तो कहा गया कि डिप्टी सीएम डैमेज कंट्रोल कर रहे हैं। यूजीसी ने जनवरी में नई गाइडलाइन जारी की. इस गाइडलाइन को लेकर सवर्ण समाज के लोग सड़कों पर आ गए। यूं तो इस गाइडलाइन का विरोध पूरा सवर्ण समाज कर रहा था लेकिन इसमें ब्राह्मणों ने आगे बढ़कर अपना विरोध दर्ज कराया। ब्राह्मणों ने कहा कि ये साजिशन हुआ है ताकि आरक्षित वर्ग का वोट बटोरा जा सके। हालांकि मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया और उस पर सुनवाई जारी है लेकिन इसको लेकर विरोध दर्ज कराने की कोशिश लगातार जारी है। यूपी पुलिस की भर्ती की परीक्षा में आए एक सवाल के विवादित विकल्प ने तो अजब स्थिति पैदा कर दी। मौके के हिसाब से बदल जाने वाले को क्या कहते हैं? इस सवाल के जवाब के लिए विकल्प में तीसरा विकल्प "पंडित" दिया गया। पेपर ख़त्म होते होते पेपर वायरल हो गया। लोगों ने कहा कि क्या ब्राह्मण अवसरवादी है? जम कर हो–हल्ला मचा। डिप्टी सीएम से लेकर मंत्री विधायकों और विपक्ष ने अपनी आपत्ति दर्ज कराई तो सरकार को अधिकारियों को चेतावनी देनी पड़ी। पुलिस भर्ती परीक्षा का विवाद अभी चल ही रहा था तभी यूपी के परिषदीय स्कूलों की सालाना परीक्षा में क्लास 7 के पेपर में एक सवाल पूछा गया। इसमें भी "पंडित" शब्द का इस्तेमाल हुआ. सोशल मीडिया में विवाद शुरू हुआ तो इसको लेकर जिम्मेदार लोगों ने अपनी आवाज़ उठानी शुरू कर दी। इस विवाद पर सवाल ये पूछा गया कि आखिर "पंडित" से जुड़ा सवाल या विकल्प देना आखिर ज़रूरी क्यों है? बहरहाल, सवाल यही है कि क्या ये सब महज़ संयोग है या फिर कोई साज़िश. विधायकों की बैठक हुई तो उसकी तस्वीर बाहर कैसे आई? अविमुक्तेश्वरानंद के विवाद को सोशल मीडिया और ह्वाट्सऐप से किसने गहराने की कोशिश की। 13 जनवरी को आए यूजीसी गाइडलाइन को जनवरी के तीसरे हते के बाद मुद्दा बनाया गया। अलंकार अग्निहोत्री को किसने बैकअप दिया। पुलिस भर्ती और परिषदीय स्कूल मामले में किसने "पंडित" के नाम पर विवाद कराने की कोशिश की? ये सब सच में साजिश है, ये तो नहीं कहा जा सकता लेकिन कहीं ना कहीं साज़िश की आशंका ज़रूर पैदा होती है। अगर ब्राह्मण विधायकों की बैठक को ब्राह्मण विवाद की शुरुआत मानें तो दिसंबर से लेकर अबतक यानी मार्च तक कुल चार महीने होते हैं। इन चार महीनों में एक एक करके लगभग दस विवाद सामने आ चुके हैं। क्या एक के बाद एक इतने विवाद संयोग हो सकते हैं? ये बड़ा सवाल है. अगर ये साज़िश है तो इससे भी बड़ा सवाल है कि आखिर इस साज़िश के पीछे कौन है और इस साज़िश की मंशा क्या है? वहीं यह बताते चलें कि यूपी में ब्राह्मणों की आबादी 10 से 12 फीसदी मानी जाती है। ये संख्या किसी भी दल के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। ब्राह्मण को दिशा देने वाला माना जाता है। कहा जाता है कि एक ब्राह्मण दूसरी जाति का कम से कम एक वोटों को अपने प्रभाव में रखता है। यानी ब्राह्मण माहौल बनाने में माहिर माना जाता है। इसी वजह से कोई भी राजनैतिक दल ब्राह्मणों को साधने में कोई कोर कसर छोड़ना नहीं चाहता। अगले साल के विधानसभा चुनाव की बिसात बिछ चुकी है और जातीय वोटबैंक को साधने की चाल चली जा रही है। यूपी की राजनीति में 1989 के बाद अब तक कोई ब्राह्मण सीएम की कुर्सी पर नहीं बैठ पाया है। 37 साल पहले नारायण दत्त तिवारी कांग्रेस की सरकार में यूपी के सीएम थे। 90 का दशक शुरू होते होते मंडल–कमंडल की राजनीति ने यूपी की राजनीति की दिशा को मोड़ दिया। ब्राह्मण पहले कांग्रेस के पक्ष में माना जाता था। राम मंदिर आंदोलन के साथ ब्राह्मण भाजपा के साथ खड़ा होता दिखाई दिया। साल 2007 में मायावती के दलित–ब्राह्मण फ़ॉर्मूले ने ब्राह्मणों को बीएसपी की तरफ़ मोड़ दिया। साल 2014 से फिर से ब्राह्मण भाजपा के पक्ष में माना जा रहा है। उत्तर प्रदेश की राजनीति मंडल–कमंडल के बीच घूमती रही है। वीपी सिंह की सरकार में मंडल आयोग की सिफारिशों को लागू कर पिछड़ा आरक्षण देने के बाद यूपी में त्रिकोणीय लड़ाई देखने को मिली। भाजपा, सपा और बसपा हमेशा मुख्य लड़ाई में दिखे। पिछले एक दशक में जातीय आधार पर खड़े हुए क्षेत्रीय दलों का भी बड़ा उदय देखने को मिला है। निषादों, राजभरों या कुर्मियों की तरह ब्राह्मणों के पास कोई राजनैतिक विकल्प नहीं है। ऐसा लगता है कि ब्राह्मण एक नया राजनैतिक विकल्प खड़ा करने की कोशिश कर रहा है। अगले साल होने वाले यूपी विधानसभा चुनाव में ब्राह्मण कितना वड़ा फैक्टर है? इस सवाल का जवाब थोड़ी बहुत राजनीति की समझ रखने वाला दे सकता है और जवाब होगा कि बड़ा असर हो सकता है। ब्राह्मण अगर एकजुट होकर किसी दल के साथ खड़ा हो जाये तो जिस राजनैतिक दल के साथ वो जाएगा, वो मुख्य लड़ाई में तो ज़रूर रहेगा। अगर जातीय समीकरण में कुछ और जातियां जुड़ जायें तो वो दल सत्ता के शिखर तक भी जा सकता है। ऐसे में ब्राह्मण किसके साथ रहेगा, ये देखना दिलचस्प होगा।

# बंगाल में भवानीपुर-नंदीग्राम की चुनावी राजनीति किस दिशा में बहेगी?



शबाब हुसैन

यह किसी से छिपा नहीं है कि चुनावी राजनीति में नेता समय के मुताबिक अपने निर्वाचन क्षेत्र के साथ संबंध स्थापित करते रहते हैं। कोई भी नेता जब किसी क्षेत्र से बार–बार चुनाव लड़ता है, तो उसके और उस क्षेत्र के बीच एक मजबूत और स्थायी रिश्ता बन जाता है। उदाहरण के लिए, अमेठी और रायबरेली का गांधी परिवार–जिसमें इंदिरा गांधी, राजीव गांधी, प्रियंका गांधी और राहुल गांधी शामिल हैं, से समय के साथ गहरा राजनीतिक जुड़ाव बन गया। हालांकि,अमेठी में भाजपा की स्मृति ईरानी की राहुल गांधी पर जीत एक ऐतिहासिक मोड़ साबित हुई। इसने इस लंबे संबंध को चुनौती दी और बदल दिया। अब बात करते हैं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की तो सिद्धार्थ शंकर रे 1957 में पहली बार भवानीपुर से विधायक चुने गए थे। बाद में उन्होंने दार्जिलिंग और मालदा से भी चुनाव लड़ा, लेकिन भवानीपुर उनके नाम से जुड़ा रहा। इसके बाद ममता बनर्जी ने भवानीपुर में एक अलग बंगाली नेतृत्व की पहचान बनाई। यहां से चुनाव लड़ने के लिए बंगाली अभिजात्य वर्ग में स्वीकार्यता और सामाजिक–राजनीतिक प्रभाव होना लगभग जरूरी माना जाने लगा। ममता बनर्जी न केवल भवानीपुर की विधायक रहीं, बल्कि दक्षिण कोलकाता से लंबे समय तक सांसद भी रहीं। भवानीपुर सीट इसी लोकसभा क्षेत्र में आती है। यह क्षेत्र उनके ऐतिहासिक राजनीतिक आधार के रूप में देखा जाता है। अब भवानीपुर और नंदीग्राम के बीच बड़ा अंतर दिखाई देता है। दक्षिण कोलकाता का अभिजात्य वर्ग शहरी और बहुसांस्:तिक भवानीपुर से जुड़ा है, जबकि नंदीग्राम पूर्व मेदिनीपुर का ग्रामीण इलाका है, जहां किसान, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और वंचित समुदायों की बहुलता है। यहां मध्यम वर्गीय अभिजात्य वर्ग की तुलना में गरीब और खेती करने वाले लोग अधिक हैं। सुवेंदु अधिकारी का नंदीग्राम से गहरा जुड़ाव है। मेदिनीपुर से होने के कारण उनकी छवि एक ग्रामीण नेता की बनी है। उनके व्यक्तित्व में शहरी से अधिक ग्रामीण विशेषताएं दिखाई देती हैं। यही भवानीपुर और नंदीग्राम के बीच मुख्य अंतर है। हालांकि, भवानीपुर अपनी विविधता के कारण अधिक रोचक है। यहां





गैर–बंगाली मतदाताओं का बड़ा हिस्सा है, जिनमें गुजराती, मराठी, मारवाड़ी, बिहारी आदि समुदाय शामिल हैं। यहां कई पुराने गुरुद्वारे भी हैं, जिनसे लंबे समय से जुड़े मतदाता हैं। ममता बनर्जी नियमित रूप से इन गुरुद्वारों में जाती हैं। गैर–बंगाली समुदायों के साथ भी उनका मजबूत संबंध है। भवानीपुर में पारंपरिक बंगाली इलाकों के साथ–साथ अलीपुर जैसे समृद्ध इलाके और बालीगंज जैसे इलाके भी शामिल हैं। नंदीग्राम को ममता बनर्जी की कर्मभूमि के रूप में जाना जाता है। उन्होंने नंदीग्राम से ही अपनी राजनीतिक पहचान बनाई। नंदीग्राम एक बार फिर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) और भाजपा के बीच दिलचस्प मुकाबले का गवाह बनने जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस ने इस हाई प्रोफाइल सीट पर भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी के खिलाफ उनके ही पूर्व करीबी सहयोगी पवित्र कर को अपना उम्मीदवार बनाया है। चुनाव नजदीक हैं, ऐसे में नंदीग्राम की राजनीति किस दिशा में जा रही है? इस पर पश्चिम बंगाल की राजनीति के जानकारों ने अपना मंथन शुरू कर दिया है। पिछले कुछ दशकों में नंदीग्राम ने बंगाल की राजनीति के कई बड़े उतार–चढ़ाव देखे हैं। चाहे वामपंथी शासन का दौर हो या पिछला विधानसभा चुनाव, यहां ममता बनर्जी और सुवेंदु अधिकारी के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला था। इस बार यहां के लोग क्या सोच रहे हैं? क्या नंदीग्राम फिर से बदलाव लाने की ओर देख रहा है, जबकि भाजपा एक और परिवर्तन को लेकर आश्वस्त है?

# ड्रिफ्ट से डिलीवरी तक, राजस्थान में भजन लाल शर्मा का 2 वर्षीय रिपोर्ट कार्ड

शहजाद पूनावाला

राजस्थान सरकार के शासन की जितनी गहराई से जांच की जाए, कांग्रेस प्रशासन को सत्ता से हटाए जाने के 2 वर्ष से अधिक समय बीतने के बाद, उतना ही स्पष्ट होता है कि अशोक गहलोत का 5 वर्षीय शासन (2018–2023) राज्य के लिए व्यर्थ का दौर साबित हुआ। पार्टी के अंदरूनी विवाद, खासकर मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री के बीच, अक्सर गहलोत को अपनी कुर्सी बचाने में उलझाए रखते थे, न कि प्रभावी शासन में। अंततरू 2023 के चुनावों में मतदाताओं ने उनकी सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया। वर्तमान भाजपा सरकार ने गहलोत सरकार की इन गलतियों से सबक लिया प्रतीत होता है। पिछले 2 वर्षों में राजस्थान एक शांत, अधिक स्थिर और ठोस शासन का उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है, जिसमें परियोजनाओं के क्रियान्वयन और डिलीवरी की तेज गति पर ध्यान दिया गया है। पानी–सभ्यतागत प्राथमिकता का समाधान रू एक ऐसे राज्य में, जहां पानी की कमी ने इतिहास और आदत दोनों को आकार दिया है, जल प्रबंधन सिर्फ नीति का विषय नहीं, बल्कि सभ्यतागत ड्क्षचता है। राम जल सेतु ड्क्षलक जैसी बड़ी परियोजनाओं की ओर कदम, जिसमें 26,000 करोड़ रुपए के कार्य आदेश जारी किए गए हैं, साथ ही यमुना जल के उपयोग के प्रयास (एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित और डी.पी.आर. कार्य प्रगति पर), पैचवर्क समाधान की बजाय दीर्घकालिक रणनीति का संकेत देते हैं। इसी बीच, जल जीवन मिशन के तहत नल से जल कनैक्शन का विस्तार 14 लाख से अधिक परिवारों तक पहुंच चुका है। इंफ्रास्ट्रक्चर–आर्थिक ध् ामनियों का निर्माण रू 42,000 किलोमीटर से अधिक सड़कों का विस्तार और उन्नयन, जिसमें निर्माण और अपग्रेडेशन पर 29,333 करोड़ रुपए खर्च किए गए, सिर्फ अमूर्त कनैक्टिविटी के बारे में नहीं है। राजस्थान जैसे विशाल राज्य में सड़कें आर्थिक धमनियां हैं। वे तय करती हैं कि माल कितनी तेजी से पहुंचता है, बच्चे स्कूल कितनी आसानी से जाते हैं और दूरदराज के समुदाय राज्य के अन्य हिस्सों से कितना जुड़ा महसूस करते हैं। यहां पुरानी दुनिया का एक तर्क है, सड़कें बनाओ, विकास अपने आप आएगा। ऊर्जा क्रांति–खेतों और भविष्य को शक्ति रू ऊर्जा क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उत्पादन क्षमता में 8,261 मैगावाट की वृद्धि हुई। दिन में खेतों तक बिजली पहुंचाना किसानों की दिनचर्या बदलता है, अनिश्चितता कम करता है और उत्पादकता बढ़ाता है। पी.एम.–कुसुम योजना के तहत 2,884 मैगावाट क्षमता स्थापित की गई और 2.10 लाख कृषि कनैक्शन जारी किए गए, 22 जिलों में अब दिन में बिजली उपलब्ध है। सौर ऊर्जा पर समानांतर जोर 59,000 सोलर पंपों (921 करोड़ रुपए सबसिडी) और पी.एम. सूर्य घर योजना के तहत 1.31 लाख रूफटॉप सोलर प्लांटों से स्पष्ट है। कृषि–किसानों के लिए बहुस्तरीय सुरक्षा जाल रू कृषि राजस्थान की अर्थव्यवस्था का केंद्र बनी हुई है। किसान सम्मान निधि के तहत 76 लाख से अधिक किसानों के खातों में 11,000 करोड़ रुपए से ज्यादा सीधे ट्रांसफर किए गए। 50,802 करोड़ रुपए के ब्याज–मुक्त फसल ऋण वितरित किए गए और प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 6,473 करोड़ रुपए के क्लेम किसानों को दिए गए। इनके साथ 48,591 करोड़ रुपए की बिजली सबसिडी और 2 लाख से अधिक नए कृषि कनैक्शन एक सुरक्षा जाल बनाते हैं। लाडो (लाड़ली) प्रोत्साहन योजना के तहत बालिकाओं को दी जाने वाली राशि बढ़ाकर 1.50 लाख रुपए कर दी गई। 20 लाख से अधिक महिलाओं को प्रशिक्षण दिया गया और 16 लाख से अधिक 'लाखपति दीदी' बन चुकी हैं। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में राशि 5,000 से बढ़ाकर 6,500 रुपए की गई। मां वाऊचर योजना गर्भवती महिलाओं को मुफ्त सोनोग्राफी प्रदान करती है, जिसका लाभ अब तक 2.26 लाख से अधिक महिलाओं को मिल चुका है।

# व्यापार प्रतिनिधि मंडल कार्यालय का हुआ उद्घाटन

न्यूज वाणी ब्यूरो

रूपईडीहा, बहराइच। उत्तर प्रदेश व्यापार प्रतिनिधि मंडल शाखा रुपईडीहा कार्यालय का हुआ भव्य उद्घाटन वरिष्ठ व्यापारी




रामचंद्र अग्रवाल ने फीता काटकर किया कार्यालय का उद्घाटन। नवनिर्वाचित टीम अध्यक्ष शैलेश जयसवाल महामंत्री संतोष अग्रवाल कोषाध्यक्ष अमित कौशल के अपने अथक प्रयास से कार्यालय का निर्माण कराया और व्यापारियों को संदेश दिया कि आपका अपना कार्यालय है। यही बैठकर व्यापारियों की सभी समस्याएं सुलझाई जाएगी। उद्घाटन कार्यक्रम में सैकड़ो व्यापारी समाजसेवी पत्रकार सम्मिलित हुए बीते दिन नवरात्रि के पावन पर्व पर कार्यालय परिसर में सुबह विधि विधान से पूजन संपन्न कराया गया और सायंकाल सात बजे उसका फीता काटकर उद्घाटन के साथ पदाधिकारी और व्यापारियों के लिए कार्यालय खोल दिया गया।

# राज्य स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता शुरू, 30 टीमों ने दिखाया दमखम

न्यूज वाणी ब्यूरो

बिजनौर। जिला खो–खो संघ के तत्वावधान में वीकेआईटी परिसर में राज्य स्तरीय जूनियर बालक एवं बालिका खो–खो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रदेश भर से करीब 30 टीमों ने हिस्सा लिया। शनिवार को प्रतियोगिता के दौरान बालक और बालिका वर्ग में 10–10 मुकाबले खेले गए, जहां खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। बालक वर्ग में वाराणसी ने गोरखपुर को पांच अंकों से हराया, जबकि बस्ती ने भदोही पर जीत दर्ज की। लखनऊ ने मेजबान बिजनौर को छह अंकों से पराजित किया। प्रयागराज ने मुरादाबाद को नौ अंकों से हराया और जौनपुर ने एटा को 17 अंकों के बड़े अंतर से मात दी। अयोध्या ने हरदोई को चार अंकों से हराया, वहीं बलिया ने शाहजहांपुर और गौतमबुद्धनगर ने प्रतापगढ़ को क्रमशः नौ और 18 अंकों से पराजित किया। इटावा ने बदायूं को सात अंकों से हराया। बालिका वर्ग में भी मुकाबले रोमांचक रहे। बलिया ने हरदोई को दो अंकों से हराया, जबकि प्रयागराज ने औरैया को नौ अंकों से पराजित किया। बिजनौर ने जौनपुर को एक अंक से हराकर जीत दर्ज की। गोरखपुर ने गाजियाबाद को आठ अंकों से हराया। अमरोहा ने वाराणसी को एक अंक से हराया, जबकि लखनऊ ने अयोध्या और मुरादाबाद ने शाहजहांपुर को छह–छह अंकों से पराजित किया। भदोही ने फिरोजाबाद को सात अंकों से हराया। मेरठ ने गाजीपुर को दो अंकों से हराया और गौतमबुद्धनगर ने भी शानदार जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज प्रबंधन के अभिषेक सिंह, उत्तर प्रदेश खो–खो संघ के सचिव चंद्रभानु सिंह, अंकित त्यागी और पंडित विभूति विनायक गौड़ ने संयुक्त रूप से किया। आयोजन में खिलाड़ियों के उत्साह और खेल भावना ने माहौल को जीवंत बना दिया।

# गोरखपुर जोन की 13 वीं अंतर्जनपदीय आर्चरी प्रतियोगिता का शुभारंभ

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पुलिस लाइन ग्राउंड में गोरखपुर जोन की 13 वीं अंतर्जनपदीय आर्चरी महिला एवं पुरुष प्रतियोगिता वर्ष 2026 का आयोजन प्रारंभ किया गया। प्रतियोगिता में गोरखपुर जोन के विभिन्न जनपदों गोरखपुर, गोंडा, बस्ती, देवरिया, संतकबीरनगर, बहराइच, कुशीनगर एवं सिद्धार्थनगर की टीमों द्वारा प्रतिभाग किया



जा रहा है। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) द्वारा किया गया। उन्होंने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल भावना, अनुशासन एवं निष्पक्षता के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान प्रतिसार निरीक्षक भुवनेश्वर सिंह, सभी टीम मैनेजर, खिलाड़ीगण, पुलिस लाइन के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित निर्णायक मंडल के सदस्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिता के सफल, सुव्यवस्थित एवं निष्पक्ष आयोजन हेतु समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं।

# नकारात्मक विचारों को त्यागने और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाने पर जोर

## - राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का छठा दिन

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय जमानियां में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर का छठा दिन सोमवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। शिविर का संचालन डॉ. राकेश कुमार सिंह और डॉ. अभिषेक तिवारी के निर्देशन में किया जा रहा है। शिविर का मुख्य उद्देश्य स्वयंसेवकों के व्यक्तित्व विकास के साथ–साथ उनमें सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को मजबूत करना है। छठे दिन की प्रमुख गतिविधियां प्रातःकालीन सत्र की शुरुआत प्रार्थना और योगाभ्यास से हुई, जिससे स्वयंसेवकों में ऊर्जा, अनुशासन और सकारात्मकता का संचार हुआ। प्रथम सत्र में मुख्य अतिथि कर्नल अमर सिंह ने एनएसएस के महत्व को गणित विषय से जोड़ते हुए व्याख्यान दिया। उन्होंने शून्य के उदाहरण से समझाया कि समाज में प्रत्येक व्यक्ति का योगदान कितना महत्वपूर्ण है। उन्होंने एनएसएस को एक समस्या के रूप में देखकर तर्कशीलता, अनुशासन और सेवा–भाव से उसे हल करने की प्रेरणा दी। इसी सत्र में उपजिलाधिकारी जमानियां ज्योति




चौरसिया ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए नकारात्मक विचारों को त्यागने और सकारात्मक .ष्टिकोण अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविरों का आयोजन अधिक से अधिक होना चाहिए, ताकि युवा नशे जैसी बुराइयों से दूर रहें और पढ़ाई के साथ समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का बोध करें। उन्होंने ग्रामीण और शहरी जीवन की तुलना भी करते हुए दोनों के महत्व को रेखांकित किया और बताया कि स्कूल स्तर से ही समाज सेवा की भावना जागृत होनी चाहिए। द्वितीय सत्र में स्वयंसेवकों ने भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीति पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया, जिसके माध्यम से समाज में जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. श्रीनिवास सिंह ने की। कार्यक्रम का सफल संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश कुमार सिंह ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अभिषेक तिवारी द्वारा किया गया। इस अवसर पर परामर्श चिकित्सक डॉ. विजय श्याम पांडेय, कैप्टन डॉ. अगंद प्रसाद तिवारी, डॉ. अमित कुमार सहित बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

# धारा-15 के अन्तर्गत प्रस्तुत आक्षेप पत्रों की नगर मजिस्ट्रेट ने की सुनवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। नगर मजिस्ट्रेट/विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी राजेश प्रसाद द्वारा बाईपास निमार्ण हेतु तहसील



महसी के ग्राम टेडवा बसन्तपुर व तहसील बहराइच ग्राम सेहरिया, गौरिया, बैकुन्ठा, मसीहाबाद, पिपरिया महिपाल, खलीलपुर, गोकुलपुर की अधिग्रहीत की जा रही भूमि से हितबद्ध .षकों की धारा–15 के अन्तर्गत सुनवाई की गयी। बहराइच बाईपास के निर्माण हेतु भू अधिग्रहण की धारा–11 की अधीन 19 जनवरी को अधिसूचना निर्गत की गयी थी। अधिसूचना के तिथि से 60 दिन तक भू–अधिग्रहण के विषय पर आक्षेप प्रस्तुत करने का समय दिया गया था। उल्लेखनीय है कि 60 दिन की समय सीमा में कुल 06 आक्षेप अरविन्द कुमार सिंह पुत्र .ष्ण पाल सिंह नि. रायपुरराजा सिविल लाइन बहराइच का आक्षेप पत्र सरिता सिंह पत्नी स्व. मनीष प्रताप सिंह नि. का आक्षेप पत्र 16 मार्च 2026 को उषा देवी पुत्री राजाराम पत्नी राममूरती मिश्रा ग्राम मुन्सारी का आक्षेप पत्र 10 फरवरी 2026 व मो. रईस व मो. फहीम पुत्रगण मो. हनीफ नि. मोहल्ला मोहलीपुरा परगना व तहसील बहराइच का आक्षेप पत्र 10 फरवरी 2026 का विश्वनाथ गुप्ता पुत्र रामसेवक गुप्ता मो. मीरा खेलपुरा का आक्षेप पत्र 22 जनवरी 2026 व अमित कुमार सिंह नि. हुजुरपुर का आक्षेप पत्र 24 जनवरी 2026 प्राप्त हुये थे। जिनकी सुनवाई की गयी। आक्षेप पत्र भूमि अधिग्रहण के विषय पर प्रस्तुत नही किये गये थे। .षको द्वारा अपने–अपने प्रार्थना पत्रों में अपनी भूमि की प्रतिकर दरों का उल्लेख किया गया। विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी बहराइच द्वारा उपस्थित .षकों के पक्षों को सुना गया तथा अस्वस्त किया गया कि प्रतिकर का निर्धारण भूमि अर्जन अधिनियम 2013 की व्यवस्थाओं के अनुरूप होगा अर्जन क्षेत्र में जो परिसम्पत्तियाँ प्रभावित पायी गयी है। उनका भी प्रतिकर विशेषज्ञ विभाग के मूल्याकन कराकर दिया जायेगा।

# साधन सहकारी समिति कूरा के चुनाव पर कांग्रेसियों ने उठाई उंगली

## - लोकतांत्रिक व्यवस्था का बताया खुला अपमान, कार्रवाई की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। खागा तहसील क्षेत्र के साधन सहकारी समिति कूरा के अध्यक्ष व उपसभापति के हुए निर्वाचन पर कांग्रेसियों ने उंगली उठाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्षन किया तत्पष्चात जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजकर इसे लोकतांत्रिक व्यवस्था का खुला अपमान बताया। साथ ही निर्वाचन अधिकारी के विरूद्ध कार्रवाई करके पुनः नियमानुसार चुनाव सम्पन्न कराए जाने की मांग की। कांग्रेसी नेता एवं खागा विधानसभा के पूर्व प्रत्याषी ओम प्रकाश गिहार की अगुवई में पदाधिकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और जिलाधिकारी के माध्यम से राज्यपाल को भेजे गए ज्ञापन में बताया कि खागा तहसील में पिछली सात मार्च को साधन सहकारी समिति कूरा में अध्यक्ष व उपसभापति का चुनाव होना था। जिसमें चुनाव अधिकारी धाता विकास खण्ड के सचिव लवलेष मिश्रा को नियुक्त किया गया था। चुनाव में पर्चा खरीदने का समय सुबह ग्यारह बजे से बारह बजे तक था। अध्यक्ष पद के उम्मीदवार सुबह दस बजे से षाम तक इंतजार करते रहे लेकिन निर्वाचन अधिकारी चुनाव स्थल नहीं आए। सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि सत्ता पक्ष के नेताओं के दबाव में नामांकन प्रक्रिया पूर्ण नहीं कराई गई और चुनाव अधिकारी ने चेतराम पासवान को निर्विरोध सभापति व उपसभापति भी घोशित कर दिया जो कि लोकतांत्रिक व्यवस्था का खुला अपमान है। इससे यह भी स्पश्ट



हो रहा है कि भविश्य में होने वाले पंचायत चुनाव भी निश्पक्ष ढंग से नहीं होंगे। कांग्रेसियों ने राज्यपाल से मांग किया कि संपूर्ण प्रकरण का संज्ञान लेकर निर्वाचन निरस्त कराकर पुनः नियमानुसार चुनाव कराए जाएं साथ ही निर्वाचनचधिकारी के विरूद्ध आवष्यक कार्रवाई की जाए। इस मौके पर पूर्व जिलाध्यक्ष बीरेन्द्र सिंह चौहान, सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याषी राजू लोधी, हुसैनगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याषी षिवाकांत तिवारी, सदर विधानसभा के पूर्व प्रत्याषी मोहसिन खान, सुरेष तिवारी व संदीप साहू एडवोकेट भी मौजूद रहे।

# दो माह से अपहृत छात्रा उत्तराखंड से बरामद

## - गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक का संघर्श से मिली जीत

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बिंदकी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मड़रॉंव से पिछले दो महीनों से लापता नाबालिग छात्रा के मामले में गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक के कड़े तेवरों और संघर्ष ने आखिरकार रंग दिखाया है। संगठन की अध्यक्ष हेमलता पटेल के नेतृत्व में किए गए पुरजोर विरोध और पुलिस प्रशासन को दिए गए अल्टीमेटम के बाद, पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए अपहृत छात्रा को उत्तराखंड के देहरादून से सकुशल बरामद कर लिया है। साथ ही पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध कार्यवाही शुरू कर दी है। विदित हो कि 17 वर्षीय नाबालिग छात्रा 15 जनवरी 2026



को कोचिंग जाते समय लापता हो गई थी। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए मुकदमा दर्ज कराया था, लेकिन पुलिस की सुस्ती के कारण दो महीने बीत जाने के बाद भी कोई सुराग नहीं लगा था। परेशान परिजन दर–दर की ठोकरें खा रहे थे, जिसके बाद उन्होंने गुलाबी गैंग लोकतांत्रिक से न्याय की गुहार लगाई। मामले की गंभीरता को देखते हुए अध्यक्ष हेमलता पटेल ने हाल ही में बिंदकी क्षेत्राधिकारी और कोतवाल से तीखी वार्ता कर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए थे। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी थी कि यदि चार दिनों में बरामदगी नहीं हुई तो कोतवाली का घेराव कर वृहद आंदोलन किया जाएगा। इस दबाव के चलते पुलिस उसी दिन से सक्रिय हुई और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर छात्रा को उत्तराखंड से ढूंढ निकाला। छात्रा की बरामदगी पर खुशी जाहिर करते हुए हेमलता पटेल ने कहा कि यह संगठन और पीड़ित परिवार के धैर्य की जीत है। छात्रा के सुरक्षित घर लौटने पर परिजनों और स्थानीय ग्रामीणों में भारी उत्साह है। परिजनों ने नम आँखों से अध्यक्ष हेमलता पटेल और संगठन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गुलाबी गैंग की सक्रियता के बिना यह संभव नहीं था।

# सफाई व्यवस्था को लेकर व्यापारियों व नागरिकों का फूटा गुस्सा

## – व्यापारियों व नागरिकों ने रोड जाम कर किया प्रदर्शन

न्यूज वाणी ब्यूरो

रुपईडीहा, बहराइच। भारत–नेपाल सीमा पर स्थित नगर पंचायत रुपईडीहा में सफाई व्यवस्था की स्थिति अत्यंत खराब हो चुकी है, जिससे स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। लगभग 15 दिनों से नगर पंचायत में सफाई का कार्य ठप पड़ा है और नगर पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर उमाशंकर, अधिशासी अधिकारी रामबदन यादव के बीच के विवाद के कारण इस स्थिति में सुधार नहीं हो पा रहा है। इस कारण स्थानीय व्यापारियों एवं आम नागरिकों का गुस्सा सातवें आसमान पर हो गया। इसी को लेकर उत्तर प्रदेश व्यापार प्रतिनिधिमंडल के अध्यक्ष शैलेश जयसवाल के नेतृत्व में सैकड़ों व्यापारियों एवं स्थानीय नागरिकों ने स्टेशन रोड जाम कर के धरना प्रदर्शन किया। नगर पंचायत मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। स्थानीय व्यापारी और नागरिकों का कहना है कि नगर पंचायत की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। बाजार में चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ है, जिससे महामारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। रुपईडीहा में नेपाली नागरिकों की एक बड़ी संख्या प्रतिदिन आकर यहां खरीदारी करती है, और इस समय सफाई की स्थिति इतनी खराब है कि उनकी छवि भी धूमिल हो रही है। रुपईडीहा व्यापार प्रतिनिधि मंडल के अध्यक्ष शैलेश जयसवाल ने बताया कि इस समस्या के बारे में कई बार स्थानीय तथा उच्च अधिकारियों को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। शैलेश जयसवाल ने यह भी कहा कि यदि यह स्थिति जल्द सुधारी नहीं जाती, तो व्यापारियों और नागरिकों को और भी बड़े प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। गौरतलब है कि शनिवार को व्यापारियों और नागरिकों ने स्टेशन रोड पर जाम लगा दिया, जिससे एक घंटे तक यातायात ठप हो गया। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि अगर सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ और अधिकारियों ने इस मुद्दे पर संज्ञान नहीं लिया, तो वे राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम करने जैसे कड़े कदम उठाने पर विचार करेंगे। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने उच्च अधिकारियों से अनुरोध किया है कि वे जल्द से जल्द इस मुद्दे का समाधान करें और नगर पंचायत के अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी के बीच विवाद को सुलझाएं, ताकि रुपईडीहा में सफाई व्यवस्था बहाल हो सके और कस्बे की छवि की रक्षा की जा सके।

# सीएम योगी के दौरे को लेकर आईजी ने कार्यक्रम स्थल का लिया जायजा

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 25 तारीख को जनपद के मोतीपुर तहसील अंतर्गत सेमरहना में प्रस्तावित कार्यक्रम है। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस महकमा पूरी तरह मुस्तैद है तथा तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। भरथापुर विस्थापितों को देंगे आवासीय पट्टा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सेमरहना में भरथापुर विस्थापितों के पुनर्वास के लिए बन रहे कॉलोनी में विस्थापितों को आवासीय भूमि का आवंटन कर मुख्यमंत्री आवास भेंट कर जनसभा को संबोधित करेंगे। भरथापुर के विस्थापित परिवारों को सेमरहना में एक मॉडर्न कॉलोनी बनाकर बसाया जा रहा है जिसमें सभी प्रकार की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। इसी क्रम में आईजी अमित पाठक ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हेलीपैड स्थल, मंच क्षेत्र, बैरिकेडिंग, भीड़ नियंत्रण व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्गों का बारीकी से परीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। बताया गया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस अवसर पर भरथापुर से विस्थापित ग्रामीणों को भूमि आवंटन के प्रमाण पत्र सौंपेंगे, जिसे लेकर स्थानीय लोगों में खासा उत्साह है। निरीक्षण के समय पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी सहित प्रशासन व पुलिस के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के निर्देश दिए ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री के दौरे को लेकर सभी विभागों में समन्वय स्थापित कर लिया गया है और किसी भी प्रकार की चूक न हो, इसके लिए लगातार निगरानी की जा रही है। एक दिन पूर्व जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने भी लाव लश्कर के साथ सेमरहना का निरीक्षण किया था।

# जमीन विवाद पर गरजी पंचायत, नेताओं के बीच बयानबाजी तेज

न्यूज वाणी ब्यूरो

चंदक, बिजनौर। ग्राम खिरनी की जमीन को लेकर चल रहे विवाद ने रविवार को उस समय नया मोड़ ले लिया, जब चंदक में भाकियू (अराजनैतिक) की एक बड़ी पंचायत आयोजित की गई। पंचायत में संगठन के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिगंबर सिंह ने पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह पर जमकर निशाना साधा और किसानों से विरोध दर्ज कराने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश में लोकतंत्र व्यवस्था है और किसी भी तरह का निर्णय कानून के तहत ही होना चाहिए। किसी व्यक्ति विशेष के दबाव या प्रभाव से जमीन के मामलों का निपटारा नहीं किया जा सकता। उन्होंने प्रशासन पर भरोसा जताते हुए कहा कि विवाद का समाधान कानूनी प्रक्रिया के तहत ही होगा। दिगंबर सिंह ने यह भी आरोप लगाया कि विवादित भूमि पर जाकर गन्ना कटवाने का प्रयास गलत है और किसी भी जनप्रतिनिधि को ऐसा कदम नहीं उठाना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिस पक्ष के पास वैध कागजात होंगे, जमीन उसी को मिलेगी और पीड़ित किसान को न्याय दिलाने के लिए संगठन पूरी तरह से खड़ा है। पंचायत में मौजूद जिलाध्यक्ष नितिन सिरोही और अन्य पदाधिकारियों ने भी कड़े रुख का संकेत देते हुए कहा कि किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि किसानों के साथ अन्याय हुआ तो आंदोलन तेज किया जाएगा। गौरतलब है कि बिजनौर तहसील के खिरनी गांव की करीब 12 बीघा जमीन को लेकर दो पक्ष आमने–सामने हैं। एक ओर पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह का पक्ष है, जबकि दूसरी ओर किसान नेता दिगंबर सिंह इस मुद्दे पर सक्रिय हैं। मामले को लेकर पिछले कई दिनों से सोशल मीडिया पर भी बयानबाजी जारी थी, जो अब पंचायत के रूप में सामने आई है। पंचायत में क्षेत्र के कई ग्रामीण और किसान नेता मौजूद रहे।

# तहसील बार एसोसिएशन जसवंतनगर में अध्यक्ष व महामंत्री पद पर चुनाव का ऐलान

## – नामांकन शुल्क 1000 रुपये तय, 30 मार्च तक बिकेंगे नामांकन पत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। तहसील मुख्यालय जसवंतनगर पर अधिवक्ता चुनाव एल्डर्स कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई, जिसमें उपस्थित अधिवक्ताओं की सहमति से कई अहम निर्णय लिए गए। बैठक में सबसे पहले सदस्यता शुल्क निर्धारित किया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि सदस्यता शुल्क के



संग्रह एवं अधिवक्ताओं की सूची तैयार करने की जिम्मेदारी अधिवक्ता रवि प्रताप सिंह को सौंपी गई है। वह तहसील जसवंतनगर के सभी अधिवक्ताओं की सूची तैयार कर शुल्क एकत्रित करेंगे। इसके अलावा एल्डर्स कमेटी के सहयोग के लिए अधिवक्ता रविंद्र बाबू त्रिपाठी एवं रवि दीक्षित को जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में सर्वसम्मति से तय किया गया कि तहसील बार एसोसिएशन जसवंतनगर के अध्यक्ष व महामंत्री पद के लिए चुनाव कराया जाएगा। इन पदों के लिए नामांकन शुल्क 1000 रुपये निर्धारित किया गया है, जबकि नामांकन पत्रों की बिक्री 30 मार्च 2026 तक की जाएगी। अन्य कार्यकारिणी का गठन बाद में किया जाएगा। बैठक की कार्यवाही के अंत में उपस्थित अधिवक्ताओं ने प्रस्तावों का समर्थन करते हुए हस्ताक्षर किए। बैठक में यशपाल सिंह, रामाधार सिंह कुशवाहा, राजेंद्र गुप्ता, राजीव चतुर्वेदी, सुरेंद्र बाबू, शैलेंद्र कुमार, सविता, रवि प्रताप सिंह, राजा बाबू तिवारी, राम शंकर, आलोक, संदीप वर्मा, शामिल सक्सेना, संजीव यादव एवं मणि शंकर गुप्ता सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# शहीदों के सपनों को साकार करना ही सच्ची श्रद्धांजलि : शालिनी



न्यूज वाणी ब्यूरो

अतर्रा, बांदा। ग्राम पंचायत अधरोरी ब्लॉक महुवा तहसील अतर्रा में आज जनता दल यूनाइटेड के बैनर तले भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव की पुण्यतिथि श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। जिसमें करीब दो सैकड़ा ग्रामीणों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के आयोजक समाजसेवी राहुल कुशवाहा ने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में देशभक्ति की भावना को जागृत करते हैं और शहीदों के आदर्शों को समाज तक पहुंचाने का कार्य करते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता एवं मंच संचालन कर रहे जेडीयू जिलाध्यक्ष शिक्षक प्रकोष्ठ हरिराम सिंह ने कहा कि शहीदों का बलिदान हमें राष्ट्रहित में समर्पित होकर कार्य करने की प्रेरणा देता है। मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष जेडीयू एवं बुंदेलखंड प्रभारी शालिनी सिंह पटेल ने अपने विस्तृत वक्तव्य में कहा कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का जीवन केवल इतिहास नहीं बल्कि आज के भारत के लिए प्रेरणा का जीवंत स्रोत है। उन्होंने कहा कि जब–जब देश को नई दिशा की आवश्यकता होगी, तब–तब शहीदों के विचार हमें मार्गदर्शन देंगे। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे राजनीति, समाजसेवा और शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें। शहीदों के सपनों का सशक्त और आत्मनिर्भर भारत बनाने का संकल्प लें, विशिष्ट अतिथि जेडीयू जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ पिंकी प्रजापति ने कहा कि शहीदों का बलिदान हमें एकता, समर्पण और सेवा की भावना सिखाता है, जेडीयू नगर अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ अतर्रा ने कहा कि महिलाओं और युवाओं को आगे बढ़कर राष्ट्रहित में कार्य करना चाहिए। मुख्य वक्ता नंदकिशोर बुंदेलखंडी ने अपने ओजपूर्ण संबोधन में शहीदों के संघर्ष को विस्तार से बताते हुए युवाओं को जागरूक बनने का संदेश दिया। सुरेश कुशवाहा जिलाध्यक्ष छात्र प्रकोष्ठ ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में भागीदारी निभाने का आह्वान किया, राजाराम जेडीयू सक्रिय सदस्य, इंजीनियर दिलीप प्रजापति, शिक्षक अवधेश पटेल एवं संजय कुशवाहा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए शहीदों के आदर्शों को अपनाने पर जोर दिया, अंत में सभी उपस्थित लोगों ने शहीद भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव के छायाचित्रों पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।






# जिले में बदल रही है स्वरोजगार की तस्वीर

## - सीएम युवा उद्यमी योजना से थमा पलायन तो मिला हजारों युवाओं को रोजगार

## - योजना के तहत 1823 लाभर्थियों ने शुरू किया उद्यम व सेवाक्षेत्र

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पिछड़ा क्षेत्र कहे जाने वाले बुंदेलखंड के जिले में स्वरोजगार और उद्यम के क्षेत्र में क्रांति की नई लहर दिखाई दे रही है। योगी सरकार की मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना व स्वरोजगार मिशन हजारों युवाओं के लिए वरदान साबित हो रही है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के जरिए बिना ब्याज और बिना गारंटी के जरिए मिल रहे 5 लाख रुपए तक के ऋण ने जिले के हजारों युवाओं को उद्यमी और आत्मनिर्भर बना दिया है। जिसके चलते न केवल सेवा क्षेत्र को मजबूती मिली है बल्कि उद्यम भी बढ़ा है और जिले से होने वाले पलायन में भी भारी कमी दर्ज की गई है। वही रोजगार मिशन के जरिए हजारों युवाओं को देश और प्रदेश की बड़ी–बड़ी कंपनियों में नौकरी भी मिली है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के तहत 1823 लाभर्थियों ने शुरू किया उद्यम व सेवाक्षेत्र जिले में अब तक मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के जरिए 1823 लाभार्थियों ने अपना उद्यम व सेवा क्षेत्र को शुरू किया और इस योजना का लाभ उठाकर इन्होंने स्वयं का रोजगार स्थापित किया है खास बात यह है कि महिलाएं भी इस मुहिम में पीछे नहीं है और कल लाभार्थियों में 466 महिलाएं भी शामिल है जो नारी सशक्तिकरण की एक बड़ी मिसाल पेश कर रही है। योजना के जरिए बिना किसी वित्तीय भोज के मिलने वाले इस लोन ने युवाओं के मन में बैंक की गारंटी का धर्म खत्म कर दिया है। जहां साल 2024–25 में 291 लोगों ने इस योजना का लाभ लिया तो वहीं 2025–26 में 1532 लोगों ने इसी योजना का लाभ लिया। बांदा जैसे जिले में यहां पर पलायन हमेशा से एक बड़ी समस्या रहा है और लोग देश प्रदेश में रोजी–रोटी की तलाश में जाते थे। लेकिन अब सरकार द्वारा चलाई जा रही इन योजनाओं के जरिए यहां के युवा अपने ही गांव व कस्बे में आटा चक्की, डीजे बैंड, ब्यूटी पार्लर, वर्कशॉप और कंप्यूटर सेंटर जैसे छोटे–बड़े उद्यम शुरू कर रहे हैं और आत्मनिर्भर बन रहे हैं। मुख्यमंत्री युवा रोजगार मिशन के जरिए लगभग साढ़े 12 हजार युवाओं को मिली नौकरी मुख्यमंत्री युवा रोजगार मिशन के जरिए जिले में जहां साल 2025 में 98 रोजगार मेलों का आयोजन किया गया। जिसमें 5179 युवाओं को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए थे। वही साल 2026 में अब तक 48 रोजगार मेले आयोजित किया जा चुके हैं। जिसमें लगभग 7300 युवाओं को रोजगार मिल चुका है।

# डा. अनिल व डा. पारितोष ने 15 नवजात कन्याओं को वितरित की बेबी किट

## - सोहन व अजित कुमार ने माताओं को योजनाओं की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने अवगत कराया कि मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश शासन एवं निदेशक महिला कल्याण लखनऊ के निर्देशानुसार प्रदेश में महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन के उद्देश्य से वासंतिक नवरात्र के अवसर पर मिशन शक्ति विशेष अभियान फेज–05 द्वितीय चरण का शुभारम्भ किया गया है। इन्हीं निर्देशों के क्रम में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत जिला महिला चिकित्सालय में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (महिला) डा. अनिल कुमार एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (पुरुष) डा. पारितोष शुक्ला द्वारा 15 नवजात कन्याओं को बेबी किट वितरित की गईं तथा धात्री माताओं गुंजन, शिवांगी, ज्योति, खुशी कुमारी, पूजा आदि को ड्राईफ्रूट भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान सोहन गुप्ता एवं अजित कुमार दुबे ने उपस्थित माताओं को मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और उनसे जुड़कर आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। साथ ही योजनाओं से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन कार्यालय से गौरव कुमार, धर्मेंद्र कुमार, संजीव कुमार, योगेंद्र सिंह, अभिषेक वर्मा, सोनम चौधरी, रीना सहित जिला महिला चिकित्सालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। कार्यक्रम का आयोजन जिला प्रोबेशन कार्यालय के संयोजन में संपन्न हुआ।

# पुरानी परम्परा के अनुसार ही मनाएं रामनवमी का त्योहार : डीएम

## - मिलजुलकर मनाएं पर्व, शोभा यात्रा व मेला रूट पर व्यवस्थाएं कराएं सुनिश्चित



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आगामी त्योहार रामनवमी को उत्साह, हर्षोल्लास से मनाए जाने के संबंध में संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की बैठक कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक की उपस्थिति संपन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने रामनवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि त्योहार को हर्षोल्लास, उत्साह के साथ मिलजुलकर मनायें। उन्होंने कहा कि पिछले त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाए गए है, उसी परंपरा के साथ मनाएं। त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित तरीके से आम जनमानस की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखकर मनाए। उन्होंने कहा कि त्योहार के दौरान सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था का पालन सुनिश्चित करने हेतु पुलिस एवं प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है और त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं बिजली, पानी, साफ सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित कराने हेतु संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये। उन्होंने उपजिलाधिकारियो, पुलिस क्षेत्राधिकारियों को निर्देशित किया कि शोभा यात्रा, मेले, भंडारे वाले स्थलों का निरीक्षण कर लें। निकलने वाले शोभा यात्रा के रास्ते में बिजली के तार ढीले हो तो टाईट करवा दिए जायें, साथ ही यदि सड़क में गड्ढे है तो उसको भी भरवा दिए जायें ताकि शोभायात्रा में किसी भी प्रकार का व्यवधान न आए। शहरी क्षेत्रों में अधिशासी अधिकारी, ग्रामीण क्षेत्रों में खंड विकास अधिकारी त्योहार के .ष्टिगत प्रमुख रूप से मेला, शोभा यात्रा, भंडारे वाले स्थलों, मन्दिरों के आस–पास साफ–सफाई, चूना का छिड़काव आदि करा लें। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि प्रमुख मेला स्थलों में आयोजकों से संपर्क कर प्राथमिक चिकित्सा से संबंधित सामग्री व दवाएं उपलब्ध करा दे साथ ही आवश्यकतानुसार स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी भी लगा दे और एम्बुलेंस भी तैनात रखें। उन्होंने कहा कि डीजे निर्धारित आवाज में ही बजाय जाए। उन्होंने कहा कि त्योहार में कोई नई परंपरा की अनुमति नहीं होगी। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि त्योहार को सकुशल संपन्न कराने के .ष्टिगत पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। साथ ही पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा की गई तैयारियों की अद्यतन जानकारी ली और संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर प्रशिक्षु आईएएस नौशीन, अपर जिलाधिकारी (वित्त/ राजस्व) अविनाश त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) सुनील कुमार समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# ग्राम सभा भूमि पर अवैध कब्जा हटाने के दो आदेश, आरोपित पर जुर्माना व वसूली के निर्देश

## - तहसील खागा में 2024 और 2026 के आदेशों में अलग-अलग गाटा नंबरों पर कब्जा साबित, प्रशासन सख्त

## - सुल्तानपुर घोष गांव के हफीज पुत्र महबूब हसन के ऊपर लगा है जुर्माना

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा/फतेहपुर। तहसीलदार न्यायालय, खागा द्वारा सुल्तानपुर घोष गांव में ग्राम सभा की भूमि पर अवैध कब्जे के मामलों में हफीज पुत्र महबूब हसन दो अलग–अलग अंतिम आदेश जारी करते हुए आरोपित के खिलाफ बेदखली और जुर्माने की कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। दोनों मामलों में राजस्व टीम की रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर कब्जा साबित पाया गया। पहला मामला वर्ष 2022 के वाद संख्या 2982/2022 से संबंधित है, जिसमें आदेश दिनांक 01 मई 2024 को पारित किया गया। न्यायालय ने पाया कि ग्राम सभा सुल्तानपुर घोष की गाटा संख्या 2425 (बंजर खाते की भूमि) पर आरोपित द्वारा दुकान बनाकर अवैध कब्जा किया गया था। इस कब्जे से ग्राम सभा को लगभग 68,000 रुपये की क्षति हुई। न्यायालय ने कब्जा हटाने के साथ 25,000 रुपये क्षतिपूर्ति और 1,000 रुपये व्यय सहित कुल 26,010 रुपये की वसूली का आदेश दिया। दूसरा मामला वाद संख्या 924/2025 से संबंधित है, जिसमें 12 फरवरी 2026 को अंतिम आदेश पारित हुआ। इसमें गाटा संख्या 2428 (मार्ग खाते की भूमि) पर पक्की दुकान बनाकर कब्जा करने की पुष्टि हुई। इस प्रकरण में ग्राम सभा को लगभग 37,440 रुपये की क्षति आंकी गई। न्यायालय ने बेदखली के साथ 7,000 रुपये क्षतिपूर्ति और 1,000 रुपये व्यय सहित कुल 8,000 रुपये वसूली के निर्देश दिए। दोनों मामलों में यह भी उल्लेख किया गया कि आरोपित की ओर से कोई संतोषजनक जवाब या आपत्ति प्रस्तुत नहीं की गई, जबकि लेखपाल की रिपोर्ट और प्रस्तुत साक्ष्यों से कब्जा स्पष्ट रूप से प्रमाणित हुआ। तहसीलदार न्यायालय ने संबंधित राजस्व निरीक्षक को आदेश की प्रति भेजते हुए तत्काल कब्जा हटाने, वसूली सुनिश्चित करने और अभिलेखागार में कार्रवाई दर्ज करने के निर्देश दिए हैं।

# वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। थाना कोतवाली नगर पुलिस ने अन्तरजनपदीय वाहन चोर गिरोह के तीन सदस्यों को गिरतार कर एक बड़ी सफलता दर्ज की है। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में और अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज व अपर पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर मेविस टॉक के पर्यवेक्षण में हुई कार्रवाई में चोरी की 6 मोटरसाइकिलें और 2 मोटरसाइकिल के इंजन बरामद किए गए। गिरतार अभियुक्तों में प्रशांत उर्फ चंदू उर्फ राणा, रोहित उर्फ बउवा और अली मोहम्मद शामिल हैं। पूछताछ में उन्होंने बताया कि वे भीड़–भाड़ वाले इलाकों, सरकारी कार्यालयों और अस्पतालों से मोटरसाइकिल चोरी करते थे। चोरी किए गए वाहनों के पार्ट अलग कर बेचे जाते थे, और नम्बर प्लेट व इंजन/चेसिस नंबर बदलकर पहचान छुपाई जाती थी। पुलिस ने बताया कि चोरी की मोटरसाइकिलों में से दो वाहन विकास भवन और जिला अस्पताल से चोरी किए गए थे। इस गिरोह की कई अन्य चोरी की घटनाओं की जांच भी पुलिस द्वारा तेजी से की जा रही है। पुलिस ने 6 मोटरसाइकिलें 2 मोटरसाइकिल के इंजन बरामद किए। गिरतार अभियुक्त प्रशांत उर्फ चंदू उर्फ राणा, पुत्र जगतपाल, रामपुर थाना औंग फतेहपुर रोहित उर्फ बउवा, पुत्र छिद्दू, रामपुर थाना औंग फतेहपुर अली मोहम्मद, पुत्र मोहम्मद हनीफ, चौडगरा थाना कल्याणपुर, फतेहपुर शामिल हैं। गिरतारी में शामिल टीम में प्र0नि0 बलराम सिंह, रामकिशोर यादव, उ0नि0 दीपक कुमार चौधरी, उ0नि0 गजेन्द्र सिंह, कां0 चन्दन कुमार, कां0 राकेश कुमार, कां0 शैलेन्द्र कुमार और कां0 राम कुमार रहे।

# कांग्रेसियों ने शहीद भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव को दी श्रद्धांजलि

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिला कांग्रेस कमेटी स्टेशन रोड कार्यालय में कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के अध्यक्षता में मां भारती के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले शहीद भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को शहीद दिवस के रूप में याद कर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित ने उनके व्यक्तित्व व .तित्व पर प्रकाश डालते हुए बतलाया कि महान क्रांतिकारियों ने अपने जीवन से यह सिद्ध किया कि राष्ट्र प्रेम से बड़ा कोई कर्तव्य नहीं होता, अपने शौर्य और ओजस्वी विचारों से युवाओं में देशभक्ति का संचार कर राष्ट्र व्यापी स्वाधीनता आंदोलन की अलख जगाने वाले भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव का बलिदान युगों युगों तक देशवासियों को राष्ट्रहित सर्वोपरि की प्रेरणा देता रहेगा। जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट ने कहा कि ष्देश की आजादी में भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव का अतुलनीय योगदान रहा। आज के ही दिन 23 मार्च 1931 को मां भारती के वीर सपूतों को ब्रिटिश हुकूमत द्वारा पंजाब के लाहौर जेल में फांसी पर लटकाया गया, राष्ट्र इन वीर सपूतों का सदैव ऋणी रहेगा। इस अवसर पर पीसीसी धर्मेश सिंह, कार्यालय प्रभारी/वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिवबली सिंह, जिला महामंत्री/मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, जिला सचिव रामकुमार सिंह, कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई, कांग्रेस सोशल मीडिया जिलाध्यक्ष सन्तोष कुमार द्विवेदी, जिला वक्ता राजेश कुमार गुप्ता पप्पू, गोविन्द नारायण, छेदीलाल धुरिया, केपी सेन, ईशु फैज खान युवा नेता, धीरेन्द्र पांडेय धीरू, लालबाबू राजपूत, शब्बीर सौदागर, सुखदेव गांधी, अली बख्श प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# डीएम ने तालाब के आधुनिकीकरण व चेकडैम निर्माण का किया निरीक्षण

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिलाधिकारी जे0रीभा ने आज सम्पूर्ण समाधान दिवस के उपरान्त आज तहसील बबेरू में चेकडैम निर्माण एवं वर्षा जल संचयन हेतु तालाब आधुनिकीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम ग्राम मवई, अलिहा के तालाब जिसका वित्तीय वर्ष 2025–26 में वर्षा जल संचयन योजना तालाब आधुनिकीकरण के अन्तर्गत किये गये कार्य का निरीक्षण किया। उक्त तालाब का निर्माण कार्य 75.87 लाख की धनराशि से किया जा रहा है। उन्होंने निर्माणाधीन तालाब की गहरायी की नाप कराकर चेक किया तथा इनलेट व आउटलेट, घाट आदि का निरीक्षण करते हुए अधिशाषी अभियंता लघु सिंचाई को प्रत्येक दशा में इस माह में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। इसके उपरान्त उन्होंने वित्तीय वर्ष 2025–26 में जिला योजना (चेकडैम निर्माण व एनीकट निर्माण के अन्तर्गत) ग्राम आहार के निर्माणाधीन चेकडैम का निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण करते हुए कार्य को गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उक्त चेकडैम का निर्माण कार्य 64.94 लाख की धनराशि से किया जा रहा है। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिशाषी अभियंता एवं ठेकेदार को चेकडैम का निर्माण कार्य मानक के अनुरूप गुणवत्ता के साथ शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अधिशाषी अभियंता लघु सिंचाई एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

# सब्जी मंडी विवाद सुलझने की ओर, नई जगह पर सहमति

न्यूज वाणी ब्यूरो/स्योहारा, बिजनौर। बीते कई दिनों से बंद पड़ी सब्जी मंडी के विवाद में अब समाधान की राह निकलती दिखाई दे रही है। रविवार को आढ़तियों की एक अहम बैठक में सर्वसम्मति से मंडी के लिए नई अस्थायी जगह तय कर ली गई, जिससे ठप पड़े कारोबार के दोबारा शुरू होने की उम्मीद बढ़ गई है। बैठक में निर्णय लिया गया कि पुरानी मंडी स्थल से लगभग 200 मीटर दूर, ईंट–भट्ठे के पास मुख्य सड़क से करीब 100 फीट अंदर नई अस्थायी मंडी लगाई जाएगी। इससे पहले कुछ आढ़तियों द्वारा सड़क किनारे सब्जी बेचने की कोशिश से स्थिति बिगड़ने की आशंका थी, लेकिन बाद में सभी ने एकजुट होकर सामूहिक फैसला लिया। गौरतलब है कि 16 मार्च की शाम मंडी समिति के सचिव के निर्देश पर प्रशासन ने मंडी को बंद करा दिया था। इसके चलते करीब छह दिन तक कारोबार पूरी तरह ठप रहा, जिससे किसानों और व्यापारियों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। अब आढ़ती नई जगह पर मंडी संचालित करने के लिए प्रशासन से अनुमति लेने की तैयारी में हैं। वहीं प्रशासन ने भी स्पष्ट किया है कि सड़क किनारे अव्यवस्थित तरीके से लगने वाली मंडियों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। बैठक में क्षेत्र के कई आढ़ती मौजूद रहे और सभी ने मिलकर नई व्यवस्था को जल्द लागू करने पर सहमति जताई।

# पुलिस की कार्रवाई, विभिन्न थानों से 16 अभियुक्त गिरफ्तार

## – धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस के तहत सख्त कार्रवाई, कानून व्यवस्था पर जोर

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत विभिन्न थानों की पुलिस ने सराहनीय कार्य करते हुए कुल 16 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। सभी के विरुद्ध बीएनएसएस की विभिन्न धाराओं में कार्रवाई की गई है। थाना चकरनगर पुलिस ने धारा 170 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए अरविंद कुमार पुत्र धनीराम निवासी मानपुर को गिरफ्तार किया। थाना बढ़पुरा पुलिस ने धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए 11 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया, जिनमें जितेंद्र, ह्रदेश कुमार, शक्ति, दीवान, टैनी वर्मा, नीरज कुमार, वकील सिंह, राजकुमार, दिनेश सिंह, मुकेश एवं सुनील उर्फ टिंकू शामिल हैं। सभी आरोपी विभिन्न स्थानों के निवासी हैं। थाना पछायगांव पुलिस ने धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए पुनीत पुत्र बृजेश कुमार निवासी उधन्नपुरा को गिरफ्तार किया। थाना ऊसराहार पुलिस ने धारा 170, 126, 135 बीएनएसएस के तहत कार्रवाई करते हुए मो. नफीस, हेमचंद्र उर्फ हेमंत तथा हंसराम उर्फ हंसराज को गिरफ्तार किया। पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई को जनपद में अपराध नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी थाना प्रभारियों को इसी तरह सक्रिय रहकर कानून व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

# लोहिया जयंती पर सपा कार्यकर्ताओं ने दी श्रद्धांजलि

## – विचार गोष्ठी में लोहिया के सिद्धांतों पर चलने का आह्वान

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने समाजवाद के महान चिंतक डॉ. राम मनोहर लोहिया की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई।



इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने लोहिया के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इसके बाद कार्यकर्ता डॉ. राम मनोहर लोहिया पार्क पहुंचे, जहां उनकी मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस मौके पर आयोजित विचार गोष्ठी में जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने डॉ. लोहिया के जीवन, संस्मरणों, नीतियों और विचारों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कार्यकर्ताओं को उनके सिद्धांतों पर चलने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में एसआईआर प्रभारी उदयभान सिंह यादव, वरिष्ठ नेता लाखन सिंह जाटव, सर्वेश शाक्य, जिला उपाध्यक्ष रवींद्र शुक्ला, अनवार हुसैन, जिला प्रवक्ता विक्की गुप्ता, जिला सचिव जितेंद्र यादव मोना, राजकुमार यादव, मयंक बिठौलिया, मनोज राणा, संतोष राठौर, प्रवीण कुशवाहा, प्रदीप सोनी, दीपक पाल, ब्लॉक अध्यक्ष जसवंतनगर रामवीर सिंह यादव, युवजन सभा जिलाध्यक्ष आदित्य गोविंद यादव, लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष किशन यादव, छात्र सभा जिलाध्यक्ष रवि यादव सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बार एसोसिएशन चुनाव का कार्यक्रम जारी, दस अप्रैल को होगा मतदान

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के वर्ष 2026–27 के चुनाव कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिव कुमार अग्निहोत्री द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार चुनाव प्रक्रिया 16 मार्च से शुरू होकर 11 अप्रैल को मतगणना के साथ सम्पन्न होगी, जबकि परिणाम मतगणना के तुरंत बाद घोषित किए जाएंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार सदस्यता की अंतिम तिथि 16 मार्च सायं 4 बजे तक निर्धारित की गई थी। अनन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन 20 मार्च को किया जाएगा, जिस पर 23 मार्च तक आपत्तियां ली गई और 24 मार्च को उनका निस्तारण होगा। इसके बाद 26 मार्च को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। उम्मीदवारों के नामांकन की प्रक्रिया 30 और 31 मार्च को संपन्न होगी। नामांकन सूची का प्रकाशन 1 अप्रैल को किया जाएगा, जबकि नामांकन पत्रों पर आपत्तियां 2 अप्रैल को दोपहर 2 बजे तक ली जाएंगी और उसी दिन 2 से 5 बजे तक उनका निस्तारण होगा। 3 अप्रैल को वैध उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी। नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 4 अप्रैल को दोपहर 3 बजे तक तय की गई है और उसी दिन शाम 5 बजे तक अंतिम वैध उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित कर दी जाएगी। मतदान 10 अप्रैल को प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक होगा। मतगणना 11 अप्रैल को सुबह 8 बजे से शुरू होगी और परिणाम मतगणना समाप्त होने के तुरंत बाद घोषित किए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिव कुमार अग्निहोत्री ने सभी अधिवक्ताओं से निर्धारित तिथियों का पालन करते हुए चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता करने की अपील की है।

# ताखा तहसील में आयोजित हुआ सम्पूर्ण समाधान दिवस

## - 13 शिकायतों में 2 का मौके पर निस्तारण, अधिकारियों को सख्त निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिलाधिकारी शुभ्रान्त कुमार शुक्ल एवं वरिष्ठ पुलिस



अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील ताखा में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त शिकायतों का निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारी संबंधित कर्मचारियों के साथ मौके पर जाकर शिकायतकर्ता का पक्ष सुनें और उसी आधार पर समाधान करें। साथ ही प्रकरणों की गंभीरता से जांच कर जिम्मेदार व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाए। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि गांवों के भ्रमण के दौरान विभागीय योजनाओं का सत्यापन किया जाए और लाभार्थियों से फीडबैक लिया जाए, ताकि योजनाओं का वास्तविक लाभ सुनिश्चित हो सके। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 13 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 2 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए शीघ्र समाधान के निर्देश दिए गए। प्राप्त शिकायतों में सर्वाधिक मामले भूमि विवाद से जुड़े रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि एक सप्ताह से अधिक समय से लंबित प्रकरणों के निस्तारण में विलंब के कारणों का उल्लेख किया जाए और सभी मामलों का निस्तारण एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाए। वहीं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने पुलिस विभाग से संबंधित मामलों की सुनवाई करते हुए थानाध्यक्षों को निर्देश दिए कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर प्रभावी कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के निस्तारण पर शासन स्तर से फीडबैक लिया जा रहा है, इसलिए निस्तारण गुणवत्तापूर्ण होना चाहिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी ताखा श्वेता मिश्रा, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. बृजेन्द्र कुमार, क्षेत्राधिकारी, तहसीलदार सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# शहीद दिवस पर भाजपा ने दी अमर शहीदों को श्रद्धांजलि

## - नुमाइश मैदान स्थित शहीद स्मारक पर हुआ श्रद्धांजलि कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। शहीद दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके बलिदान को नमन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता ने नवनियुक्त पार्टी पदाधिकारियों के साथ नुमाइश मैदान स्थित शहीद स्मारक पर पहुंचकर पुष्प अर्पित किए। श्रद्धांजलि अर्पित करने के उपरांत जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा कि शहीद दिवस केवल भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की स्मृति में ही नहीं, बल्कि उन सभी वीर सपूतों के सम्मान में मनाया जाता है जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि यह दिन हमें वीरता, साहस और बलिदान की प्रेरणा देता है और देशभक्ति की भावना को मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि भारत का स्वतंत्रता संग्राम संघर्षों से भरा रहा है, जिसमें अनेक क्रांतिकारियों ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आवाज उठाकर आजादी की अलख जगाई। 23 मार्च 1931 को लाहौर जेल में भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को फांसी दी गई, जो स्वतंत्रता संग्राम का एक महत्वपूर्ण अध्याय बन गया। इस अवसर पर जिला महामंत्री जितेंद्र गौड़, सतेंद्र राजपूत, हरनाथ कुशवाह, जिला उपाध्यक्ष .पानारायण तिवारी, अनूप जाटव, संजीव भदौरिया, यशवर्धन चौधरी, बासु चौधरी, अमित तिवारी, जिला मंत्री मधु तोमर, प्रीति दुबे, आयुष राज, सुरेश राजपूत, जितेंद्र पाल, अभिषेक मिश्रा, कोषाध्यक्ष राज कुमार वर्मा, सह–कोषाध्यक्ष समीर सक्सेना, सह मीडिया प्रभारी अंकित सैनी, जिला संयोजक सोशल मीडिया विमलेश शाक्य सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# यातायात प्रभारी के नेतृत्व में बाजार में चला विशेष अभियान

## - पक्की सराय क्षेत्र नो-व्हीकल घोषित, जाम से राहत दिलाने के लिए सख्त व्यवस्था

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी यातायात राम गोपाल शर्मा के नेतृत्व में शहर के मुख्य बाजार क्षेत्रों में जाम की समस्या से निपटने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह ने स्वयं मोर्चा संभालते हुए बाजार में प्रभावी व्यवस्था लागू कराई। इस दौरान शास्त्री चौराहा, नगर पालिका चौराहा, तहसील चौराहा तथा राजगंज चौराहा सहित प्रमुख स्थानों पर बैरिकेडिंग कर यातायात को नियंत्रित किया गया। तिकोनिया क्षेत्र से बाजार की ओर जाने वाले दोपहिया वाहन चालकों को रोककर उन्हें स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि पक्की सराय की ओर जाने वाले मार्ग पर अब वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। यातायात पुलिस द्वारा पक्की सराय स्थित मुख्य बाजार क्षेत्र को नो–व्हीकल जोन घोषित किया गया है। बाजार में खरीदारी करने आने वाले लोगों को अपने वाहन पुल के पास निर्धारित स्थान पर खड़े कर पैदल ही बाजार में प्रवेश करने के निर्देश दिए गए हैं। इस व्यवस्था का उद्देश्य बाजार में भीड़–भाड़ कम करना एवं जाम की समस्या से निजात दिलाना है। अभियान के दौरान यातायात प्रभारी ने लोगों को नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक भी किया और बताया कि यह व्यवस्था जनसुविधा के लिए लागू की गई है। उन्होंने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर कांस्टेबल मनोज कुमार, कांस्टेबल सुमित कुमार सहित अन्य यातायात अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे और उन्होंने अभियान को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई।





# तहसील सदर में वाहन स्टैंड का ठेका 25 मार्च को नीलाम

## - वर्ष 2026-27 के लिए नीलामी, 25 हजार अग्रिम जमा अनिवार्य

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। तहसीलदार सदर द्वारा जानकारी दी गई है कि तहसील सदर परिसर में संचालित वाहन स्टैंड का ठेका वर्ष 2026–27 01 अप्रैल से 31 मार्च 2027 तक के लिए नीलामी प्रक्रिया 25 मार्च को प्रातः 11 बजे तहसील सभागार में आयोजित की जाएगी। नीलामी में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति नियम एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी हेतु तहसील सदर स्थित नजारत कार्यालय में नायब नाजिर से संपर्क कर सकते हैं। नीलामी की शर्तों के अनुसार प्रत्येक बोलीदाता को नीलामी में भाग लेने से पूर्व 25,000 रुपये की अग्रिम धनराशि जमा करनी होगी तथा जीएसटी में पंजीकरण होना अनिवार्य रहेगा। साथ ही नवीनतम चरित्र प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना भी आवश्यक होगा। नीलामी स्वी.त होने के बाद ठेका अवधि 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक प्रभावी रहेगी। सफल बोलीदाता को कुल धनराशि का आधा भाग तत्काल तथा शेष आधा 31 मार्च 2026 तक जमा करना होगा। निर्धारित समय में धनराशि जमा न करने पर ठेका स्वतः निरस्त कर दिया जाएगा। वाहन स्टैंड पर निर्धारित शुल्क के अनुसार साइकिल का किराया 2 रुपये, मोटरसाइकिल का 10 रुपये तथा चार पहिया वाहन का 30 रुपये तय किया गया है। वहीं दिव्यांगजन, तहसील स्टाफ, पंजी.त अधिवक्ता, जनप्रतिनिधि एवं मान्यता प्राप्त मीडियाकर्मियों से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नीलामी को किसी भी स्तर पर निरस्त करने तथा स्वी.त या अस्वी.त करने का अधिकार उप जिलाधिकारी सदर के पास सुरक्षित रहेगा।

# मिशन शक्तिअभियान के तहत भरेह में जागरूकता कार्यक्रम

## – महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर व साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस द्वारा मिशन शक्ति अभियान फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना भरेह क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं अन्य उपस्थित लोगों को विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई, जिनमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 व 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। साथ ही पुलिस टीम ने साइबर अपराधों से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी अंजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी साझा न करें और किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। ऑनलाइन लेन–देन और सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्क रहने की भी अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को जागरूकता पम्पलेट वितरित कर उन्हें सुरक्षा उपायों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता के लिए इस प्रकार के अभियान निरंतर चलाए जा रहे हैं।



# इकदिल में बस-ट्रेलर की भिड़ंत, चालक की मौत

## – ओवरटेक के दौरान हादसा, कई यात्री घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जनपद के थाना इकदिल क्षेत्र अंतर्गत मनियामऊ के पास सोमवार सुबह करीब 5.30 बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। दिल्ली से कानपुर जा रही बस नंबर बीआर–02पीसी/1528



ओवरटेक करते समय आगे चल रहे ट्रेलर से टकरा गई, जिससे बस में सवार यात्रियों में अफरा–तफरी मच गई। हादसे में बस चालक रामू शर्मा निवासी काशीराम आवास, पराग डेयरी एटा, गगन निवासी खैरनगर तिर्वा कन्नौज तथा दयानंद निवासी राजीवनगर थाना बेगमपुर दिल्ली गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान चालक रामू शर्मा की मृत्यु हो गई। वहीं गगन की हालत गंभीर होने पर उसे पीजीआई सैफई रेफर किया गया है। बताया गया है कि हादसे के समय बस में लगभग 40 यात्री सवार थे। टक्कर इतनी तेज थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने राहत एवं बचाव कार्य करते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया और यातायात व्यवस्था को सुचारू कराया। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि बस पर वर्ष 2025 से अब तक कुल 11 चालान दर्ज हैं, जिनमें ओवरस्पीड और ड्रिंक एंड ड्राइव जैसे मामले भी शामिल हैं। चालक का ड्राइविंग लाइसेंस वर्ष 2027 तक वैध बताया गया है। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है। हादसे के कारणों का विस्तृत पता लगाया जा रहा है। संबंधित थाने की पुलिस मौके पर मौजूद एवं यातायात प्रभारी सूबेदार सिंह भी मौके पर मौजूद रहे।

# तहसील दिवस में आई पांच शिकायतें, मौके पर नहीं हुआ एक भी निस्तारण

## – एसडीएम ने जताई नाराजगी, अधिकारियों को दिए समयबद्ध समाधान के निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

जसवंतनगर, इटावा। तहसील सभागार में उप जिलाधिकारी कुमार सत्यम जीत की अध्यक्षता में आयोजित तहसील दिवस में फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। इस दौरान कुल पांच शिकायतें दर्ज की गईं, लेकिन किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण



नहीं हो सका। इस पर एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए सभी मामलों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। तहसील दिवस में ग्राम पाठकपुरा की पूजा कुमारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना से नाम काटे जाने की शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि पात्र होने के बावजूद उन्हें योजना का लाभ नहीं मिल रहा, जबकि उनके पास पक्का मकान भी नहीं है। वहीं नगला भिकन की रीना देवी ने अपनी सास के निधन के बाद अंत्योदय राशन कार्ड अपने नाम स्थानांतरित कराने की मांग की। इसके अलावा ग्राम भगवानपुरा निवासी लक्ष्मण सिंह ने जमीनी विवाद में कार्रवाई की गुहार लगाई, जबकि दिलीप कुमार ने अपनी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई। सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम ने संबंधित विभागों को जांच कर शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान तहसीलदार नेहा सचान, खंड विकास अधिकारी मनोज कुमार, उपखंड अधिकारी विद्युत आनंदपाल, ईओ नगर पालिका श्यामवचन सरोज, स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डॉ. वीरेंद्र सिंह, एडीओ .षि बलवीर सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

न्यूज़ वाणी
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
राज्य सरकार व केंद सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु सूचीबद्ध
समाचार पत्र में विज्ञापन के लिए संपर्क करें
सूचना, मार्कशीट, सम्बन्ध विच्छेदन, खोया पाया, कोर्ट नोटिस, टेन्डर आदि
09451548620, 9451180488

# स्वामी विवेकानंद सामान ज्ञान प्रतियोगिता में अभिनय मौर्य ने मारी बाजी

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हथगाम के ग्राम पंचायत इशहाकपुर के खरहरा गांव के खेल मैदान में श्रेष्ठ भारत सेवा संस्थान के बैनर तले स्वामी विवेकानंद सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अभिनय मौर्य पुत्र राजेंद्र मौर्य उर्फ शिफाली पेंटर खागा ने प्रथम स्थान प्राप्त करके सबका ध्यान अपनी ओर केंद्रित किया। शिवा यादव ने द्वितीय स्थान स्थान प्राप्त किया। आयुष सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा दस बच्चों को सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी राजेंद्र साहू के हाथों सभी बच्चों को नगद पुरस्कार व शील्ड प्रशस्ति पत्र मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही कवि सम्मेलन भी रहा। जिसमें कवियों में शिवशरण बंधु, समीर शुक्ला, नवीन शुक्ल, प्रवीण श्रीवास्तव, उमाकांत मिश्रा, अनुज साहू, राजेंद्र यादव आदि कवि मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि गुड्डन, शिवानी, हरिओम यादव, शैलेंद्र सविता की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन श्रेष्ठ भारत सेवा संस्थान के अध्यक्ष शिव सिंह सागर ने किया। परीक्षा प्रभारी के रूप में श्रीकांत साहू, राहुल राजपूत, सर्वेश यादव, राजबहादुर यादव, वसीक सनम, रोहित यादव, जितेंद्र यादव निर्णायक कमेटी में रामजी श्रीवास्तव, आनंद राय प्रमुख रूप से मौजूद रहें। कार्यक्रम के अंत में संस्था के संरक्षक बाबू सिंह यादव ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में काफी बड़ी संख्या में ग्रामीण लोग मौजूद रहे। इसी क्रम में आकर्षण का केंद्र बने डॉक्टर रईस रहमानी जिन्हें अब कुछ लोग अन्ना हजारे के नाम से भी पुकारने लगे हैं।

# राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ

## – मैं नहीं आप के आदर्श वाक्य के साथ निस्वार्थ सेवा की दिलाई शपथ

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन सोमवार को मुख्य अतिथि गढ़ीवा के पूर्व प्रधान रामसिंह पाल, विशिष्ट अतिथि आरएस फाउंडेषन की रेखा सरोज व नामित सभासद ज्ञाना पासवान की उपस्थिति में संपन्न हुआ। आगामी 29 मार्च तक चलने वाले कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्जवलन व सरस्वती वंदना के साथ हुई। स्वयंसेवकों को मैं नहीं, आप के आदर्श वाक्य के साथ निस्वार्थ सेवा की शपथ दिलाई गई। प्राचार्य डॉ0 राजेश कुमार यादव ने छात्राओं को सामुदायिक सेवा, वृक्षारोपण और स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। पूर्व प्रधान गढ़ीवा ने छात्राओं के सात दिवसीय कार्यक्रम में गांव में पूर्ण सहयोग देने की बात कही। रेखा सरोज ने छात्राओं को स्वयंसेवक बनकर स्वदेश के लिये अपने अमूल्य योगदान हेतु आवाहन किया। कार्यक्रम का संचालन डा0 बृजेश कुमार पाल ने किया। डॉ0 राज कुमार ने कार्यक्रम में सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में सांस्तिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने वर्ष भर की भावी योजनाओं की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम मे प्रो0 शकुन्तला, प्रो0 प्रशांत द्विवेदी, डा0 शरद चंद्र राय, डा0 चारू मिश्रा, डा0 रमेश सिंह, डा0 मधुलिका श्रीवास्तव, डा0 अनुष्का छौंकर सहित समस्त प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

# भड़काऊभाषण का आरोप: भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद में आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान कथित भड़काऊ भाषण देने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है। मिली जानकारी के अनुसार, 19 मार्च को थाना थरियांव क्षेत्र के ग्राम



मकनपुर स्थित रामलीला मैदान में हिंदू नववर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मुखलाल पाल द्वारा कथित रूप से अमर्यादित एवं भड़काऊ भाषण दिया गया। आरोप है कि उनके बयान से सामाजिक सौहार्द बिगड़ने और तनाव की स्थिति उत्पन्न होने की आशंका है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि उक्त भाषण सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे लोगों में आक्रोश और असहजता का माहौल बन रहा है। प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि संबंधित व्यक्ति पूर्व में भी इस तरह के विवादित बयान देते रहे हैं। शिकायत में जिलाधिकारी से मांग की गई है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच कराकर दोषी के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि जनपद में शांति और कानून–व्यवस्था बनी रहे। ज्ञापन देने वालों में मोहम्मद आसिफ एडवोकेट, शहनशाह एडवोकेट, वजाहत हुसैन एडवोकेट, मोहिउद्दीन एडवोकेट,सईद अख्तर एडवोकेट, एहसान खान एडवोकेट, कमर उद्दीन एडवोकेट, एहतराम अहमद जिगनवी एडवोकेट, बृजेंद्र गौतम एडवोकेट, राम नारायण निषाद, गाज़ी अब्दुर रहमान गनी, शुऐब अहमद अरबी, नरेश कुमार पासवान, राम बाबू मौर्या सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शहीद दिवस पर रेडक्रास सोसाइटी ने की श्रद्धांजलि सभा

## – शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू अमर रहे के लगाए नारे

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। भारत की आजादी की लड़ाई में अहम योगदान देने वाले भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को आज ही के दिन अंग्रेजों ने फांसी की सजा दी थी। जिसके बाद देश की आजादी के लिए उन्होंने हंसते–हंसते अपने प्राण देश पर न्यौछावर कर दिए थे। उनके द्वारा दिये गए बलिदान हेतु शहीद दिवस के मौके पर लाल बहादुर शास्त्री चौक पर इंडियन रेडक्रास सोसाइटी व डॉ सत्यनारायण सेवा फाउंडेशन के संयोजकत्व में चेयरमैन व प्रदेष कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने सर्वप्रथम लाल बहादुर शास्त्री जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि किया। उपस्थित सभी लोग भारत माता की जय, भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव अमर रहे, जय हिंद, वंदे मातरम, वीर शहीदों का बलिदान नहीं भूलेगा हिंदुस्तान के गगनभेदी नारे लगा रहे थे। इस अवसर पर संरक्षक महेंद्र शुक्ल, कैप्टन लालजी श्रीवास्तव, सलाहकार संजय श्रीवास्तव, आजीवन सदस्य डॉ वकील अहमद सिद्दीकी, वेदप्रकाश गुप्ता, राधेश्याम गुप्ता, राजकुमार श्रीवास्तव, प्रेमचंद मौर्य, रामप्रकाश मौर्य, गोरेलाल लोधी, प्रीतेश श्रीवास्तव, अभिनव श्रीवास्तव, प्रशांत पाटिल, अंगद सिंह चंदेल, विकास दीक्षित सहित तमाम गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# शहीदी दिवस पर शिविर में 35 ने किया रक्तदान

## - अपील : रक्तदान से नहीं आती कमजोरी, बढ़-चढ़कर लें हिस्सा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सोमवार को स्वतंत्रता सेनानी क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह, शहीद सुखदेव, शहीद राजगुरु की शहीदी दिवस पर संस्था सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन व निफा के सहयोग से मानस रक्तकेन्द्र में लगे रक्तदान शिविर में 35 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। शिविर का उदघाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी अशोक तपस्वी, विशिष्ट अतिथि सेवा भारती के प्रांतीय अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, सक्षम प्रांतीय उपाध्यक्ष पियूष द्विवेदी ने फीता काटकर किया। रक्तदान के बाद अतिथियों ने रक्तदाताओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। रक्तदान करने वालो में अंकित कुमार, शेषांक, मुकेश कुमार, शशिकांत, नागेंद्र सिंह, विजय कुमार, अभिषेक गुप्ता, राकेश सोनी, प्रभात सिंह, राहुल राजपुत, प्रशांत, वैभव सिंह, केशव




मिश्रा, सूरज कुमार, आदर्श दीक्षित, शिवांग शुक्ला, फूल चंद्र मौर्य, ध्रुव कुमार ने 33 वां रक्तदान, अतुल द्विवेदी, यश शर्मा, आशीष सिंह, रोहित, गुरमीत सिंह 47 वां रक्तदान, शिवा, रितिक, राहुल सिंह, अमित सिंह, राजू, राहुल भदौरिया, विशाल, नैतिक, अभिमन्यु राज, रितेश, नरेंद्र, राहुल कनोजिया ने रक्तदान किया। सभी युवाओं ने अपील किया कि रक्तदान करने से कोई कमजोरी नहीं आती। हम सभी को समय–समय से रक्तदान करते रहना चाहिये इससे शरीर स्वस्थ्य रहता है। शिविर में सहयोग करने वाली संस्था राजरानी अस्पताल, सेवा भारती, सक्षम, भोजन जन सेवा समिति संस्थाओं ने सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के बढ़ चढ़ कर सहयोग किया। इस मौके पर सेवा भारती से प्रान्त अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव, विभाग कोषाध्यक्ष शिव शंकर श्रीवास्तव, जिला उपाध्यक्ष सदानंद मिश्रा, जिला संपर्क प्रमुख हिमांशु श्रीवास्तव, प्रान्त आयाम प्रमुख संजय श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव, अमित मौर्य, सक्षम से प्रांतीय उपाध्यक्ष पियूष द्विवेदी, सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन से कवलजीत सिंह, मानस रक्तकेन्द्र से डॉक्टर कैलाश पटेल, लैब टेक्नीशियन अनुस पटेल, अनामिका पाल उपस्थित रहीं।

# बजरंग सेना परिवार द्वारा हरगनपुर में हिन्दू नववर्ष के उपलक्ष्य में बैठक संपन्न

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। तेलियानी ब्लॉक के हरगनपुर में बजरंग सेना परिवार द्वारा "सनातन एकता मंच दृ




गांव–गांव अभियान" के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायक बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक जिला अध्यक्ष चंदन सिंह राणा के नेतृत्व में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन को और अधिक मजबूत बनाना, हिंदू समाज को एकजुट करना तथा गांव–गांव तक सनातन धर्म की जागरूकता और एकता का संदेश पहुंचाना रहा। बैठक में क्षेत्र के अनेक हिंदू भाई,बहन बजरंग सेना के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए कई कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारियां सौंपी गईं तथा उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। नए दायित्व प्राप्त होने पर सभी कार्यकर्ताओं और बजरंगियों में उत्साह और प्रसन्नता का माहौल देखने को मिला। इस दौरान विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गईं, जिनमें प्रमुख रूप से। राजन मौर्या को तेलियानी ब्लॉक उपाध्यक्ष,की जिम्मेदारी दी गई, रामकिशोर मौर्या को ग्राम अध्यक्ष हरगनपुर ,अमन मौर्या को हरगनपुर ग्राम उपाध्यक्ष, शशी देवी मौर्या को ग्राम अध्यक्ष महिला मोर्चा, सरला देवी मौर्या को ग्राम उपाध्यक्ष महिला मोर्चा,सचिन पाल को ग्राम मंत्री,अंकित कुमार को ग्राम प्रचार मंत्री,आदि सक्रिय सदस्य के रूप में बजरंगियों को नियुक्त किया गया।इसके अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपते हुए संगठन को गांव–गांव तक मजबूत करने का आह्वान किया गया। सभी नव–नियुक्त पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे अपने पद की गरिमा बनाए रखते हुए संगठन की नीतियों के अनुसार कार्य करें तथा अधिक से अधिक युवाओं और हिंदू समाज के लोगों को संगठन से जोड़ें। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष चंदन सिंह राणा उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि बजरंग सेना का उद्देश्य केवल संगठन का विस्तार करना ही नहीं, बल्कि सनातन धर्म की रक्षा, समाज सेवा, गौ–रक्षा और जरूरतमंदों की सहायता करना भी है। उन्होंने सभी बजरंगियों से आह्वान किया कि वे पूरे समर्पण और निष्ठा के साथ संगठन को मजबूत बनाने के लिए कार्य करें। इस अवसर पर जिला सचिव चंद्रमणि पांडेय, नगर उपाध्यक्ष अभिषेक तिवारी,सोशल मीडिया क्रिएटर अभय राज सोनी,अमन सहित अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में संकल्प लिया कि वे कंधे से कंधा मिलाकर संगठन को आगे बढ़ाएंगे और गांव–गांव तक सनातन एकता का संदेश पहुंचाएंगे। बैठक के अंत में सभी उपस्थित बजरंगियों ने "जय श्री राम" के जयकारों के साथ संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का संकल्प लिया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार के कार्यक्रमों को लगातार आयोजित करने की बात कही।

# बकरी चोर गैंग से पुलिस की मुठभेड़, एक घायल

## - आठ बकरी चोर गिरफ्तार, तीन चार पहिया वाहन समेत 58100 रूपए नगदी बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। कल्यानपुर थाना क्षेत्र में सोमवार को पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में बकरी चोरी करने वाले अंतरजनपदीय गिरोह का पर्दाफाश हो गया। गुनीर तिराहे पर चेकिंग के दौरान हुई इस कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जबकि पुलिस ने साहसिक घेराबंदी कर आठ अन्य आरोपियों को गिरतार कर लिया। मौके से भारी मात्रा में चोरी का सामान, नकदी और अवैध असलहा बरामद किया गया है। कल्यानपुर थानाध्यक्ष सुमित देव पाण्डेय के नेतृत्व में पुलिस टीम संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान तीन कारों में सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन पुलिस को देखते ही आरोपियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने मोर्चा संभालते हुए एक बदमाश को पैर में गोली मारकर घायल कर दिया और बाकी को चारों तरफ से घेरकर दबोच लिया। घायल आरोपी की पहचान लवलेश निषाद निवासी हमीरपुर के रूप में हुई है। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार वह पहले से ही कई गंभीर मामलों में वांछित रहा है। गिरतार बदमाशों ने पूछताछ में चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि उन्होंने 17 मार्च को गुगौली गांव में हुई बकरियों की चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। इसके अलावा गाजीपुर और जहानाबाद थाना क्षेत्रों में हुई बकरी चोरी की घटनाओं में भी इसी गिरोह का हाथ सामने आया है। पुलिस ने कुल नौ आरोपियों को गिरतार किया, जिनमें लवलेश निषाद घायल, राज निषाद, सूरज, अरविंद निषाद, जितेंद्र, रमन पांडेय, अमित राज, रिंकू और पंकज सोनकर शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन चार



पहिया वाहन, अवैध तमंचा .315 बोर, दो जिंदा कारतूस, एक खोखा, दस मोबाइल फोन, छह बकरा/बकरी, 58100 रूपए नकद बरामद किए हैं। मुख्य आरोपी लवलेश निषाद पर हत्या के प्रयास, अवैध असलहा और गैंगस्टर एक्ट सहित आधा दर्जन से अधिक मुकदमे पहले से दर्ज हैं, जिससे उसकी आपराधिक पृष्ठभूमि उजागर होती है। इस पूरी कार्रवाई में थाना कल्यानपुर पुलिस टीम ने तत्परता और बहादुरी का परिचय देते हुए एक बड़े गिरोह को धर दबोचा। टीम में उपनिरीक्षक रविशंकर यादव, संजय परिहार, हिमांशू सिंह, विवेक कुमार, कमलेश सरोज समेत अन्य पुलिसकर्मियों की अहम भूमिका रही।

# सपाईयों ने डा0 राममनोहर लोहिया की मनाई जयंती

## - गोष्ठी में उनके व्यक्तित्व पर डाला प्रकाश

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी



कार्यालय में सोमवार को समाजवादी चिंतक, दार्शनिक, प्रौद्धा डा0 राममनोहर लोहिया की जयंती मनाई गई। चित्र पर माल्यार्पण के उपरांत एक गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें जिलाध्यक्ष सुरेंद्र प्रताप सिंह बताया कि डा0 लोहिया कहा करते थे कि असली आजादी तभी आएगी जब समाज के सबसे निचले स्तर के व्यक्ति को सम्मान मिलेगा। डॉ साहेब चाहते थे कि देश का काम काज हिंदी भाषा में हो जिससे एक आम आदमी भी समझ सके। डा0 साहेब स्पष्टवादी थे वो जवाहरलाल नेहरू के यदि बड़े प्रशंसक थे तो उनकी नीतियों के सबसे प्रबल विरोधी भी थे। डॉ लोहिया कहा करते थे कि ज़िन्दा कौमें पांच साल इंतजार नहीं करतीं। डा लोहिया समाजवाद की फैक्ट्री कहे जाते थे। उनक कहना था कि लोग मेरी बातें सुनेंगे, पर मेरे मरने के बाद। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव चौधरी मंज़र यार ने किया। कार्यक्रम में शमीम अहमद, डॉ अमित पाल, संगीता राज पासवान, नरेंद्र प्रजापति, एड संदीप श्रीमाली, सुहैल खान हेमू, अनिल यादव, आशीष नामदेव, अकील अहमद, नरेंद्र लोधी, शिव शंकर यादव, शैलेन्द्र मिश्रा, रौनक राज पासवान आदि लोग मौजूद रहे।

# आप के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष का हुआ स्वागत

## – धर्म व जाति की राजनीति से ऊपर उठकर कार्य करती है आप : श्रीराम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। आम आदमी पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष रामकिशोर विष्वकर्मा के सम्मान में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने उन्हें फूल–मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत किया और नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। समारोह में मुख्य रूप से उपस्थित पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष मोहम्मद शाहजहां ने श्री विष्वकर्मा को बधाई देते हुए कहा कि वे पार्टी के संस्थापक सदस्यों में से एक हैं और



उन्होंने संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने विष्वास जताया कि श्री विष्वकर्मा अपनी नई जिम्मेदारी का सफलतापूर्वक निर्वहन करते हुए पार्टी के प्रत्याशियों को विजय दिलाने में अहम योगदान देंगे। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीराम पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि आम आदमी पार्टी धर्म और जाति की राजनीति से ऊपर उठकर कार्य करती है। उन्होंने यह भी कहा कि जनपद में पहली बार किसी राष्ट्रीय दल द्वारा विष्वकर्मा समाज को जिलाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है, जो सामाजिक समानता की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह मौर्य, राहुल द्विवेदी, अगम सिंह, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष माया गौतम एडवोकेट, जिला महासचिव अंजू प्रजापति, रीतू पटेल, फातिमा बेगम, श्रवण कुमार, ब्लॉक अध्यक्ष बहुआ मनोज कुमार सिंह यादव, नजराना साह, राजकरन पटेल सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर व आटो की भिड़ंत में दो की मौत, दो घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। गाजीपुर थाना क्षेत्र के नरतौली मोड़ में रविवार की रात मोरंग लदे ट्रैक्टर व आटो की आमने–सामने भिड़ंत में एक की मौके पर ही हो गयी वहीं तीन गंभीर रूप से घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने एक घायल को मृत घोषित कर दिया। वहीं दो का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। घटना के बाद कुछ दूरी पर अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट गया। चालक मौके से भाग जाने में सफल रहा। मृतकों में एक की शिनाख्त हो गयी है। जबकि दूसरे की शिनाख्त नहीं हो सकी है। जानकारी के अनुसार असोथर थाना क्षेत्र के मल्हीपुर गांव निवासी बाबू का 19 वर्षीय पुत्र बीरेन्द्र शहर से चार सवारियां लेकर गाजीपुर की ओर आ रहा था। जैसे ही आटो नरतौली मोड़ के समीप लगभग 9:30 बजे पहुंचा तभी सामने से बालू लादकर सामने से आ रहे ट्रैक्टर ने आटो में टक्कर मार दिया। जिससे एक की घटना स्थल पर मौत हो गयी। वहीं बीरेन्द्र सुभाष निवासी मखदूमपुर गाजीपुर व एक अज्ञात व्यक्ति घायल हो गया। जिन्हे तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय पहुंचाया। जहां इमरजेन्सी में तैनात चिकित्सक ने एक और मृत घोषित कर दिया। वहीं बीरेन्द्र व सुभाष का इलाज किया जा रहा है। घटना के बाद जानकारी मिलने पर मृतक के परिजनों ने शिनाख्त कुलदीप पुत्र महेश 26 निवासी गाजीपुर कस्बा चौराहा के रूप में हुयी है। वहीं पुलिस अज्ञात शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# युवक को पीटकर किया लहूलुहान, छीने 15 हजार

## – घायल के पिता ने गांव के ही पांच पर लगाया आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के इस्लाम नगर मजरे सरांय साबा के समीप प्रयागराज जनपद से भीख मांगकर घर वापस आ रहे पिता पुत्र को गांव के ही कुछ लोगो रोक कर उनके पास रखे नगदी छीनने का प्रयास किया। विरोध करने पर पुत्र को लाठी डन्डा व धारदार हथियार से घायल करने के बाद 15 हजार रूपये छीनकर भाग खड़े गये। घायल को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार इस्लामनगर मजरे सरांयसाबा निवासी नज्जन अली का पुत्र मोहम्मद हासिम को गांव के ही महरूम फहीम, इकराम, बछन, मोबीन ने लाठी डन्डा व धारदार हथियार मारकर उसके पास रखे 15 हजार रूपये छीनकर भाग खड़े हुये। घायलावस्था में मो0 हासिम को उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज दौरान घायल का पिता नज्जन अली ने आरोप लगाते हुये बताया कि वह प्रयागराज से भीख मांगकर अपने पुत्र के साथ घर आ रहा था। जब वह गांव के समीप पहुंचा तभी महरूम, फहीम, इकराम, बच्छन व मुकीम ने उन्हे रोंक लिया और रूपये छीनने लगे इसका विरोध किया तो उन लोगो ने उसके पुत्र पर जानलेवा हमला कर दिया। पिता आरोप है कि हमलावर पहले से ही घात लगाये बैठे थे।

# बार एसोसिएशन चुनाव का बिगुल, 10 अप्रैल को वोटिंग, 11 को नतीजे

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन फतेहपुर के वर्ष 2026दृ27 के चुनाव कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिव कुमार अग्निहोत्री द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार चुनाव प्रक्रिया 16 मार्च से शुरू होकर 11 अप्रैल को मतगणना के साथ सम्पन्न होगी, जबकि परिणाम मतगणना के तुरंत बाद घोषित किए जाएंगे। जारी कार्यक्रम के अनुसार सदस्यता की अंतिम तिथि 16 मार्च 2026 सायं 4 बजे तक निर्धारित की गई थी। अनन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन 20 मार्च को किया जाएगा, जिस पर 23 मार्च तक आपत्तियां ली गई और 24 मार्च को उनका निस्तारण होगा। इसके बाद 26 मार्च को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। उम्मीदवारों के नामांकन की प्रक्रिया 30 और 31 मार्च को संपन्न होगी। नामांकन सूची का प्रकाशन 1 अप्रैल को किया जाएगा, जबकि नामांकन पत्रों पर आपत्तियां 2 अप्रैल को दोपहर 2 बजे तक ली जाएंगी और उसी दिन 2 से 5 बजे तक उनका निस्तारण होगा। 3 अप्रैल को वैध उम्मीदवारों की सूची जारी की जाएगी। नामांकन वापसी की अंतिम तिथि 4 अप्रैल को दोपहर 3 बजे तक तय की गई है और उसी दिन शाम 5 बजे तक अंतिम वैध उम्मीदवारों की सूची प्रकाशित कर दी जाएगी। मतदान 10 अप्रैल 2026 को प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक होगा। मतगणना 11 अप्रैल को सुबह 8 बजे से शुरू होगी और परिणाम मतगणना समाप्त होने के तुरंत बाद घोषित किए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी शिव कुमार अग्निहोत्री ने सभी अधिवक्ताओं से निर्धारित तिथियों का पालन करते हुए चुनाव प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता करने की अपील की है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )